सर्वेक्षित 15 उद्यमियों में से 7 माध्यमिक, 5 उच्च माध्यमिक, 2 स्नातक एवं 1 तकनीकी डिप्लोमा (डी०ई०एम०) स्तर तक की शिक्षा प्राप्त किये हुए थे। 93 प्रतिशत उद्यमी सामान्य शिक्षा प्राप्त व्यक्ति थे। 15 उद्यमियों में से 8 उद्यमी 30 वर्ष से कम आयु के नवयुवक, 4 उद्यमी 30 से 40 वर्ष के एवं 3 उद्यमी 40 वर्ष से ऊपर की आयु के थे। इनमें से 11 विवाहित एवं 4 अविवाहित थे। यद्यपि चूरू की कुल जनसंख्या में 20 प्रतिशत मुसलमान हैं, लेकिन 15 में से एक ही उद्यमी मुसलमान था। 15 में से 10 उद्यमी 1971 के बाद उद्योग स्थापित कर पाये हैं केवल एक उद्योग 1965 से पूर्व स्थापित किया गया हैं। इन उद्योगों में साबुन, फर्नीचर, रस्सी, बीड़ी, थैली, कुल्फी, बर्फ, सीमेन्ट की जाली आदि वस्तुएं बनाई जाती हैं।

उद्योगों की वित्तीय आवश्यकता में स्थाई पूंजी का योगदान सर्वाधिक होता है। 30,000/- रु. से कम स्थायी पूंजी की आवश्यकता वाले 11 उद्योग हैं। 50,000/- रु. तक की स्थाई पूंजी की आवश्यकता वाले 13 उद्योग हैं तथा 50,000/- से 75,000/- रु. तक की स्थायी पूंजी लगाये हुए उद्योगों की संख्या 2 है। बीड़ी उद्योग में स्थायी पूंजी सबसे कम एवं बर्फ उद्योग में सबसे अधिक स्थायी पूंजी लगी हुई थी। 5 उद्योगों को रु. 5000/-, 6 को रु. 10,000/-, 10 को रु. 25,000/- कार्यशील पूंजी की आवश्यकता है। 5 उद्यमियों को रु. 25000/- से अधिक पूंजी चाहिये। उद्योग की प्रकृति के अनुसार हीं विभिन्न इकाइयों को कच्चे माल पर विनियोग की आवश्यकता पड़ती है। 6 को रु. 10,000/- से कम, 8 को रु. 25,000/- से कम, 12 की रु. 40,000/- से कम तथा 3 को रु. 40,000/- से अधिक पूंजी कच्चे माल के लिए चाहिये।

आठ उद्यमियों ने एक अथवा अनेक स्रोतों से ऋण प्राप्त किये हैं। शेष 7 उद्योगों में सम्पूर्ण विनियोग स्वयं उद्यमी का ही है। राज्य वित्त निगम ने एक उद्यमी को ऋण दिया है। बैंक, सहकारी बैंक, ऋण के प्रमुख साधन हैं। सम्बन्धी, दोस्त एवं देशी साहूकारों से भी 4 उद्यमियों ने ऋण प्राप्त किये हैं। कुल ऋणों की मात्रा रु. 2.24 लाख है। ब्याज की दर 2.5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक है। सबसे कम ब्याज सहकारी बैंक तथा सबसे अधिक ब्याज साहूकार लेते हैं। बैंक 13.5 प्रतिशत ब्याज लेते हैं। 15 में से केवल दो उद्यमियों ने ही अपने-अपने क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने से पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त किया था, शेष 13 अप्रशिक्षित उद्यमी हैं।

कठिनाइयां : उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने में कई कठिनाइयां सामने आईं:—उचित प्रोजेक्ट, सलाह की कमी, वित्तीय सहयोग की कमी, ऊँची ब्याज पर ऋण मिलना, भूमि का अभाव, सस्ती किराये की भूमि न मिलना, अच्छे मिस्त्रियों का अभाव, कच्चे माल की कमी, अच्छे व प्रशिक्षित श्रमिकों की कमी, आदि प्रमुख कठिनाइयां थी। विद्युत शक्ति के सम्बन्ध में सभी साहसी असन्तुष्ट थे—कनैक्शन लेने में होने वाली कठिनाइयों से लेकर वोल्टेज के उच्चावाचन, लालफीताशाही व ऊंची विद्युत् दरों तक की समस्याओं को गिनाया गया। कतिपय उद्योगों की स्थानीय बाजार होने के कारण माँग की कमी का सामना करना पड़ता है।

सुझाव : वर्तमान परिस्थितियों में लघु उद्योगों के महत्त्व को देखते हुए उद्योग विभाग को चूरू जिले का औद्योगिक सर्वेक्षण कर कुछ सम्भावित उद्योगों का पता लगाकर उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने में प्रोत्साहित करना होगा। यहां औद्योगिक बस्ती, अथवा औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की आवश्यकता अनुभव की जाती रही है। लघु उद्योगों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का इस क्षेत्र में प्रचार एवं प्रसार आवश्यक है, जिससे कि राजस्थान के पूर्वोत्तरी क्षेत्र में स्थित इस नगर का शीघ्र विकास हो सके।

5. अनुसूचित जाति पर शिक्षा सुविधाओं व उच्च शिक्षा का प्रभाव

प्लानिंग फोरम, **राजकीय महाविद्यालय, श्री गंगानगर** के तत्वावधान में "श्री गंगानगर जिले में अनुसूचित जाति पर शिक्षा सुविधाओं व उच्च शिक्षा का प्रभाव" विषय पर एक सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण किया गया।

इस समृद्धशाली क्षेत्र में यद्यपि अनुसूचित जाति के लोगों का प्रतिशत कम है, लेकिन फिर भी स्वतन्त्रोत्तर काल में इनके सर्वांगीण विकास के लिये किये गये प्रयत्नों के प्रभाव को उजागर करना सर्वेक्षण का प्रमुख उद्देश्य रहा है। सम्पूर्ण जिले में से दैव निदर्शन पद्धति से छांटे गये 500 सूचकों से सम्पर्क करने का उद्देश्य था लेकिन 360 प्रश्नावलियां ही भरी जाने के कारण सर्वेक्षण प्रतिवेदन 360 परिवारों के अध्ययन पर ही आधारित है।

360 में से 109 व्यक्ति मजदूरी, 104 कृषि, 33 जूतों का काम, तथा शेष अन्य कार्य करते हैं। राजकीय सेवा पर केवल 17 व्यक्ति निर्भर हैं। कृषि में लगे व्यक्तियों में से अधिकांश व्यक्ति कृषि मजदूर हैं। परिवार के मुखिया की औसत आयु 42.5 वर्ष है। केवल 21

व्यक्ति ही 60 वर्ष से अधिक आयु वाले हैं। लगभग 12% अनुसूचित जाति के लोग जिले के बाहर से आकर गंगानगर में रहने लगे हैं तथा जिले की सभी तहसीलों में इनका बिखराव है। अधिकांश व्यक्ति इसी जिले के मूल निवासी होने के कारण यहां की सभ्यता एवं संस्कृति से भली प्रकार परिचित हैं और इसी के अंग कहे जा सकते हैं।

परिवार के आकार का अध्ययन करने से एक रोचक बात का पता लगता है कि औसत आकार 7.5 सदस्य हैं, जो कि साधारण औसत से अधिक है, 5 सदस्यों वाले परिवारों की संख्या 93 तथा 10 या अधिक सदस्यों वाले परिवारों की संख्या 79 थी। संयुक्त परिवारों में बड़े सदस्यों की संख्या 8 से 10 तक है, लेकिन अन्य परिवारों में यह संख्या 3-4 ही है। बच्चों की संख्या भी इन परिवारों में से लगभग आधे परिवारों में 3 से अधिक है। 72 परिवारों में बच्चों की संख्या 5 से अधिक है। इससे ज्ञात होता है कि परिवार नियोजन कार्यक्रम का प्रभाव अभी सामने नहीं आ पाया है।

360 परिवारों में से 289 परिवारों के लड़के एवं 135 परिवारों की लड़कियां विद्या-अध्ययन कर रहे हैं। इस प्रकार स्त्री शिक्षा का प्रसार इस जाति के लोगों में अभी पूरी तरह नहीं हो पाया है। सर्वेक्षण से एक महत्त्वपूर्ण तथ्य प्रकट हुआ कि 260 में से 71 (20%) परिवारों में एक भी व्यक्ति शिक्षित या साक्षर नहीं था। केवल दो परिवारों में स्नातकोत्तर स्तर के सदस्य भी पाये गये तथा 18 परिवारों में स्नातक सदस्य थे। 222 परिवारों में प्राथमिक या इससे कम शिक्षित या केवल साक्षर लोग ही थे। वर्तमान में केवल 27 परिवारों (7.5%) के सदस्य ही महाविद्यालयी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और 177 परिवारों के सदस्य स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। लड़कियों को शिक्षा हेतु अपेक्षाकृत कम भेजा जाता है। केवल 80 परिवारों को ही महाविद्यालय शिक्षा की सुविधा निकटवर्ती क्षेत्रों में प्राप्त है, अन्य को इस सुविधा के लिये दूर जाना पड़ता हैं।

अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, लेकिन सर्वेक्षित 360 परिवारों में से 141 परिवारों के सदस्यों को कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है; 66 को शुल्क मुक्ति, 33 को छात्रवृत्ति तथा अन्य की पुस्तक, छात्रावास व एक से अधिक सुविधाएं प्राप्त हैं। 27 परिवारों को बेरोजगारी भत्ता भी प्राप्त होता है लेकिन इनमें से अधिकांश परिवारों की राय थी कि यह भत्ता अधिक मिले, समय पर मिले और इसकी स्वीकृति की प्रणाली को सुधारा जावे। लगभग 50% परिवारों की राय थी कि वर्तमान शिक्षण सुविधाएं अपर्याप्त थीं तथा 110 परिवार उदासीन थे। केवल 80 परिवारों के अनुसार वर्तमान शिक्षण सुविधाएं पर्याप्त थी।

117 परिवारों की शिकायत थी कि शिक्षा सम्बन्धी सुविधाएं समय पर उपलब्ध नहीं होती तथा 103 परिवार मानते थे कि ये समय पर उपलब्ध हो जाती हैं, जबकि 140 कोई मत प्रकट नहीं कर सके। 228 परिवारों ने शिक्षा सुविधाओं में से विभिन्न मदों में सुविधा अथवा उनमें सुधार की मांग की यथा—शुल्क मुक्ति, छात्रावास, पुस्तकें, छात्रवृत्ति, कपड़े, हस्तकला शिक्षा अथवा इनमें से कई एक साथ।

सर्वेक्षण का प्रमुख उद्देश्य था अनुसूचित जाति पर शिक्षा के प्रभाव का मूल्यांकन करना। रोजगार के बारे में पूछने पर ज्ञात हुआ कि शिक्षा से गत पांच वर्षों में (95 परिवारों के अनुसार) स्थिति में सुधार हुआ है। 63 परिवार ऐसे भी थे, जिनकी स्थिति पहले से खराब हुई है। 4 परिवारों ने बताया कि उनकी स्थिति बहुत अच्छी हुई है। जबकि 198 की स्थिति यथावत् थी। रोजगार में प्राथमिकता के कारण शिक्षा एवं रोजगार की उपलब्धि में उच्च धनात्मक सम्बन्ध पाया गया। रहन-सहन पर शिक्षा के प्रभाव के बारे में पूछने पर 90 परिवारों (25%) ने बताया कि रहन-सहन का स्तर बढ़ा है जबकि 31 परिवारों के अनुसार इसमें गिरावट आई हैं। 239 परिवार या तो स्थिति को यथावत् मानते हैं अथवा वे उदासीन हैं। शिक्षा एवं रहन-सहन के स्तर में धनात्मक सम्बन्ध पाया गया। अधिकांश परिवारों (234 परिवार) के खान-पान में शिक्षा से कोई परिवर्तन नहीं आया जबकि 93 ने सुधार और 33 ने गिरावट अनुभव की।

शिक्षा से अनुसूचित जाति के लोगों की आकांक्षाओं पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाने पर ज्ञात हुआ कि 80 परिवार अभी भी उदासीन हैं। 106 परिवार कृषि शिक्षा, 87 परिवार प्रशासन, 58 मेडीकल, 53 बी०एड० तथा शेष कानून, इंजिनियरिंग आदि में अपने बच्चों को भेजना चाहते हैं।

एक अपने आपमें महत्त्वपूर्ण एवं रोचक तथ्य उजागर हुआ कि 360 में से 208 परिवार (58%) सरकारी नौकरी पसन्द करते हैं जबकि 62 परिवार कृषि, 23 परिवार उद्योग एवं शेष परिवार अन्य धन्धों में रुचि रखते हैं। शारीरिक उद्यम वाले कार्य के स्थान पर नौकरी पसन्द करना शिक्षा के एक प्रभाव को व्यक्त करता है।

सर्वेक्षित 360 परिवारों में से 279 का किसी राजनैतिक, सामाजिक अथवा धार्मिक संस्था से कोई सम्बन्ध नहीं था। शेष ने समाजवादी पार्टी, अथवा साम्यवादी पार्टी से अपना सम्बन्ध दर्शाया। 125 परिवारों ने बताया कि 20 सूत्री कार्यक्रम से उन्हें कोई लाभ नहीं हुआ हैं और 199 परिवारों की इस कार्यक्रम से कतिपय लाभ प्राप्त हुए यथा—ऋण-मुक्ति, भू-आवंटन, ऊंची मजदूरी आदि। 157 परिवार अपनी स्थिति से असन्तुष्ट एवं 185 परिवार सन्तुष्ट पाये गये।

सामाजिक प्रथाओं और बुराइयों के बारे में पूछने पर अधिकांश पर्दा प्रथा, परिवार नियोजन, बाल विवाह एवं संयुक्त परिवार प्रथा के पक्ष में और छुआछूत, जाति-पांति और अन्तर्जातीय विवाह के विपक्ष में पाये गये। स्पष्ट है शिक्षा प्रसार सामाजिक बन्धनों को बड़ी सीमा तक तोड़ने में असमर्थ रहा है। बाल-विवाह, पर्दा प्रथा और संयुक्त परिवार प्रथा के पक्ष में होना इन लोगों की रूढ़िवादिता को व्यक्त करता है फिर भी शिक्षा का सामाजिक, आर्थिक, रहन-सहन, खान-पान तथा अन्य दशाओं पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है।

6. Socio-Economic Analysis of Physically Handicapped

Planning Forum of **Seth G. L. Bihani, S. D. Post-graduate College, Sriganganagar** did a commendable work by undertaking a Socio-economic

Survey of Our Physically Handicapped Brothers and Sisters of Sriganganagar City.

Methodology : The dedicated workers of the Forum adopted the Census Method of the survey technique. As no office in Sriganganagar was in a position to provide the exact number of handicapped the students went to the bus stands, factories, railway stations, temples, mosques, gurdwaras. They went around all the local markets to search out and locate the handicapped. They could collect the date for about 70 handicapped and divided the information thus gathered into two main economic groups the earning hand and non-earning hands.

Findings : (i) Out of the total lot interviewed 46% constituted earning hands. Among them 26% are those whose monthly income is less tham Rs. 150/- per month; 17% were earning within the range of Rs. 60 to Rs. 150/- per month, and 6% were earning between Rs. 30/- to Rs. 60/- and the remaining 3% could hardly earn Re. 1/- to Rs. 30/- per month. (ii) 54% of the handicapped were not earning anything, and depended on the support of their families. Out of this lot, 10 to 20% were students and rest of them were beggars. They were illiterates and considered begging an easy job. (iii) Handicapped were of different nature; 22.8% were blind—one of them was a first class Post-graduate in two subjects; 54.3% were crippled—half of them had only one leg, 8.6% were deaf and dumb; 4.3% of the total handicapped were humped (iv) The handicapped had their own definite, views about the society. They complained against the callous attitude of the doctors in the local civil hospital and gave vent to their feeling against the bureaucracy also. Although most of them had developed a spirit of resignation, some of them expressed desire for education and cherished to have artificial limbs, some wanted handicapped allowance, and a few, some sort of employment in private and/or Government offices. Almost all of them stood in need of proper medical aid and care. They also sought travelling facilities in bus, and trains. (v) Their attitude towards society was indifferent—21.4% of the handicapped indicated that the society lend them co-operation; 15.7% of the total lot felt that they are looked down upon in the society; 28.6% of the handicapped complained against the apathetic attitude of the soeiety and 34.3% of the handicapped remained silent when asked to express their views about society.

Conclusion : On the basis of the study, the surveyors felt that the handicapped lead a very miserable life, and are ignored in various ways by the society. The social reformers should rise to the occasion and convince the masses to do something for their handicapped brothers aud sisters. It is also suggested, that the responsibility of those handicapped who have none to look after them should be the responsibility of the Government.

B. INVESTIGATIONS UNDERTAKEN BY GIRLS' COLLEGES

7. Statistical Information About Ajmer District

Planning Forum **Savitri Girls College, Ajmer** by conducting a comprehensive study of economic aspects of Ajmer District, made available the latest statistical information on Ajmer District. This District Statistical Encyclopaedia was got printed for the use of officials, planners, policy makers and students. It contains the statistical information on the following aspects : District population, income (year and source-wise), number of banks, production of electricity, roads, rails, detailed information about the crop, year and Tehsilwise production of agricultural products, data about M. F. & A. L. Scheme, Small Savings drive, industries, minerals available in the district, number of scholarships distributed, number of registered unemployed, information about S.C /S.T. persons, educational institutions, government employees, expenditure incurred on Animal Husbandry, M.F. & A.L. agency and loans advanced by the commercial banks, etc.

8. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के कर्मचारियों में परिवार नियोजन के प्रति दृष्टिकोण :

आपात्काल की बढ़ती हुई परिस्थितियों में राजस्थान विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के परिवार नियोजन के प्रति दृष्टिकोण के अध्ययन करने के उद्देश्य से **विश्वविद्यालय राजस्थान कालेज, जयपुर** के योजना मंच ने दैव प्रतिचयन के आधार पर चुने हुए 50 कर्मचारियों का अध्ययन किया। चूंकि 10 के उत्तर असंतोषजनक थे अतः विश्लेषण 40 कर्मचारियों के ही उत्तर पर निर्भर हैं।

सर्वेक्षण में 300 रु. से 1500 रु. प्रतिमाह आय वाले कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया। 700 रु. प्रतिमाह तक आय वाले कर्मचारियों की संख्या 21 तथा अधिक आय वाले कर्मचारियों की संख्या 19 है। सर्वेक्षित 40 कर्मचारियों में से 24 की आयु 32 वर्ष तक है तथा 5 कर्मचारियों की आयु 40 वर्ष से अधिक है तथा 11 कर्मचारी 32 से 40 वर्ष तक की आयु वाले हैं। तीन अथवा कम बच्चों की संख्या वाले कर्मचारियों की संख्या 31 है अर्थात् केवल 9 परिवार ऐसे थे, जिन्हें परिवार नियोजन की तत्काल आवश्यकता थी। 35 कर्मचारी परिवार को सीमित रखने के पक्ष में थे। सीमित परिवार के पक्ष में होने के कारण थे – बच्चों से आर्थिक भार में वृद्धि (18 कर्मचारी), सन्तानोत्पत्ति में समयान्तराल रखना (7 कर्मचारी), स्वतंत्रता की कमी (7 कर्मचारी), डाक्टर की सलाह (2 कर्मचारी) तथा पति की इच्छा (1 कर्मचारी) तथा अन्य कारण (5 कर्मचारी)।

शिक्षित नगरवासियों का सर्वेक्षण होने से यह तथ्य सामने आया कि सभी कर्मचारियों को परिवार नियोजन के तरीकों की जानकारी थी। सर्वाधिक लोकप्रिय साधन नसबन्दी, निरोध, लूप तथा गोलियां थी अन्य साधनों की जानकारी अत्यल्प लोगों को ही थी। इस जानकारी का प्रमुख स्रोत जन प्रचार माध्यम ही थे। स्पष्ट है शिक्षित नगरवासियों में जन प्रचार माध्यम एक सफल साधन है।

परिवार नियोजन साधनों के प्रयोग के बारे से पूछने पर झुँझलाहट भरे उत्तर प्राप्त हुए। सम्भवतः कर्मचारी इस बात को गुप्त एवं व्यक्तिगत रखना पसन्द करते हैं। 25 प्रतिशत ने तो बन्ध्याकरण करा लिया हैं तथा अधिकांश निरोध का प्रयोग करते हैं। शेष 30 में से 17 कर्मचारी भविष्य में परिवार नियोजन के इन्हीं लोकप्रिय साधनों का प्रयोग करते रहेंगे। जो लोग इनका प्रयोग नहीं करना चाहते, उनके अभी इच्छित संतानोत्पत्ति नहीं हुई है।

अधिकांश कर्मचारी 3 बच्चों वाले परिवार के पक्ष में थे—कतिपय कर्मचारियों ने 2 या 4 बच्चों को पसन्द किया। तीन बच्चों में भी अधिकांश कर्मचारी 2 लड़के एवं एक लड़की के संयोग को श्रेष्ठ मानते हैं—इससे स्पष्ट होता है कि आज भी समाज में लड़की को उचित महत्व एवं स्थान प्राप्त नहीं है। सर्वेक्षण से आय एवं बच्चों की संख्या में कोई सह सम्बन्ध ज्ञात नहीं हो सका।

9. सामोला ग्राम का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण

योजनापीठ, **जी. डी. कन्या महाविद्यालय अलवर** की छात्राओं ने नवीन आर्थिक कार्यक्रम के सन्दर्भ में ग्रामीण आर्थिक एवं सामाजिक जीवन का अध्ययन करने के उद्देश्य से पंचायत समिति उमरैन के सामोला ग्राम का सर्वेक्षण किया।

105 परिवारों के अध्ययन से ज्ञात हुआ कि सामोला ग्राम में भी पूरी अर्थ-व्यवस्था की भांति लगभग 80 प्रतिशत लोग कृषि पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर हैं, इनमें लगभग 7 प्रतिशत परिवार भूमिहीन कृषक भी हैं। ग्रामीण विद्युतीकरण के बावजूद विद्युत का घरेलू प्रयोग (प्रकाश हेतु भी) अभी आरम्भ नहीं हुआ है, केवल 6 परिवार पक्के मकानों की सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

ग्राम के 68 प्रतिशत पुरुष एवं 6 प्रतिशत स्त्रियां साक्षर हैं लेकिन फिर भी आधुनिक खाद, बीज, संयन्त्र आदि का प्रयोग पूरा नहीं हो रहा है। 91 प्रतिशत गोबर की खाद का प्रयोग करते हैं। ग्रामीण प्रति व्यक्ति आय बहुत कम होने से कुछ लोग अलवर शहर के कारखानो में अस्थायी श्रमिक के रूप में काम करने हेतु जाते हैं।

केवल 24 प्रतिशत ग्रामवासियों को बीस सूत्री नवीन आर्थिक कार्यक्रम का ज्ञान था। लगभग 60 प्रतिशत ग्रामवासी ऋण ग्रस्त पाये गये और अधिकांश ग्रामवासी सामाजिक बन्धनों के कारण ऋण लेते पाये गये। 21 प्रतिशत परिवार ही येन-केन-प्रकारेण कुछ बचत कर पाते हैं। गत वर्ष अतिवृष्टि से फसल को बहुत नुकसान हुआ। यद्यपि 40 प्रतिशत परिवार सहकारी संस्थाओं के सदस्य हैं, फिर भी सक्रिय लोगों की संख्या अत्यल्प है। अधिकांश ग्रामवासी परिवार नियोजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय नियोजन एवं उनकी सफलताओं के बारे में अनभिज्ञ थे। ग्रामवासियों ने सर्वेक्षण के दौरान सामोला में सड़क, विद्युत, सिंचाई के साधन, स्कूल की सुविधाओं में वृद्धि की आवश्यकता पर बल दिया।

10. भरतपुर नगर में परिवार नियोजन विधियों की जानकारी, प्रवृत्ति एवं प्रयोग की जांच :

योजना पीठ, **रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर** ने नगर के कोने-कोने से सूचना एकत्र कर परिवार नियोजन विधियों की जानकारी, प्रवृत्ति एवं प्रयोग की जांच करने के उद्देश्य से

107 व्यक्तियों का सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षित व्यक्तियों में 9 के अतिरिक्त शेष सभी शिक्षित परिवार थे। 32 हाई स्कूल, 33 स्नातक, 26 स्नातकोत्तर, 4 एम.बी.,बी.एस. तथा तीन तकनीकी स्तर तक शिक्षित थे। सर्वेक्षित व्यक्तियों में से 60 के 3 अथवा कम जीवित सन्तानें थीं तथा 14 परिवारों के 4, 19 परिवारों के 5 एवं शेष के जीवित संतानों की संख्या 6 से 9 तक थी।

सर्वेक्षित व्यक्तियों में से 91 सीमित परिवार के पक्ष में थे और शेष 16 (14.9%) बड़े परिवारों के पक्ष में थे। 20 व्यक्तियों ने सीमित परिवार के पक्ष में कोई कारण नहीं दिया जबकि 48 ने अधिक बच्चों की आर्थिक भार बताया। शेष 23 ने अन्य दूसरे कारण बताये जैसे—स्वतंत्रता का हनन, खराब स्वास्थ्य, डाक्टर की राय, मकान की कमी, पति को इच्छा, नौकरी-पेशा, गर्भावस्था के दुख:, प्रजनन की पीड़ा आदि। परिवार नियोजन की विधियों के बारे में पूछने पर ज्ञात हुआ कि बन्ध्याकरण और निरोध ही लोकप्रिय साधन हैं। 63 व्यक्तियों को इनकी जानकारी है। गोली, लूप व अन्य माध्यमों/विधियों की जानकारी बहुत कम लोगों को है। इन व्यक्तियों को यह जानकारी विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई। 28 व्यक्ति किसी विशेष माध्यम का उल्लेख नहीं कर पाये, लेकिन 4 को नेताओं द्वारा, 13 की परिवार नियोजन कार्यकर्ताओं द्वारा, 11 को प्रचार माध्यमों द्वारा, 17 को डाक्टर द्वारा व शेष 18 को अन्य माध्यमों से परिवार नियोजन सम्बन्धी जानकारी हासिल हुई। सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि 20 व्यक्तियों ने बन्ध्याकरण करा लिया था और 24 व्यक्ति निरोध का प्रयोग कर रहे थे, 41 ने परिवार नियोजन के साधनों के प्रयोग के बारे में कोई उत्तर नहीं दिया जबकि शेष 22 व्यक्ति अन्य साधनों का प्रयोग कर रहे थे। परिवार नियोजन विधियों का प्रयोग न करने के कारण केवल 15 व्यक्तियों ने बताये। प्रमुख कारण थे—अज्ञानता, भाग्यवादिता, धार्मान्धता आदि। 50 व्यक्तियों ने भविष्य में भी परिवार नियोजन विधियों के प्रयोग की हाँ भरी है, जबकि इन विधियों की जानकारी 66 व्यक्तियों को थी और 19 व्यक्तियों ने परिवार नियोजन विधियों को प्रयोग में नहीं लाने की बात कही। उन 50 व्यक्तियों में से जिन्होंने परिवार नियोजन विधियों के प्रयोग की हाँ भरी, 13 ने बन्ध्याकरण, 19 ने निरोध, 4 ने लूप, 4 ने गोली व शेष ने अन्य विधियों को पसन्द किया। परिवार नियोजन को न अपनाने के कारणों में कम बच्चों का होना, मित्र व पड़ोसियों से आलोचना का डर व इन विधियों से घृणा मुख्य थे। सर्वेक्षित परिवारों में से 85 ने 2 अथवा 3 बच्चों को बच्चों की आदर्श संख्या बताया। एक परिवार ने 8 बच्चों का होना आदर्श परिवार के लिये आवश्यक बताया। शधिकांश व्यक्तियों ने 2 लड़के एवं एक लड़की के जोड़े की पसन्द किया। 34 व्यक्तियों की पसन्द थी—एक लड़का एवं एक लड़की। अन्य ने विभिन्न संयोगों को पसन्द किया।

शिक्षित मध्यम वर्ग का सर्वेक्षण बताता हैं कि शिक्षा एवं परिवार नियोजन के प्रति जागरुकता, उसका प्रयोग एवं प्रवृत्ति के बीच उच्च सह सम्बन्ध है।

11. कोटा नगर में परिवार नियोजन के ज्ञान, प्रवृत्ति एवं अभ्यास से सम्बद्ध सर्वेक्षण :

योजना मंच, **जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय, कोटा** के 23 सदस्यों के दल ने कोटा नगर के 245 परिवारों से सम्पर्क कर परिवार नियोजन के ज्ञान, प्रकृति एवं अभ्यास का एक सर्वेक्षण किया।

सर्वेक्षण प्रतिवेदन में परिवार नियोजन के पक्ष एवं विपक्ष में अति सुन्दर एवं अकाट्य तर्क प्रस्तुत करते हुए यह निष्कर्ष निकाला कि वर्तमान सामाजिक व आर्थिक परिस्थितियों में राष्ट्रीय जनसंख्या समस्या का समाधान आवश्यक है और इसी कारण परिवार नियोजन एक आवश्यकता बन गई है। छोटे परिवारों के पक्ष में रानी विक्टोरिया, डा० मेरी सप्तम् तथा अमेरिका की मारगेट सेंगर के भी विचार प्रस्तुत किये गये। सर्वेक्षण से पता चला कि अशिक्षा एवं संस्कार परिवार नियोजन के पक्ष में महत्वपूर्ण बाधाएं हैं।

1967-68 से 1975-76 के वर्षों में कोटा में औसतन लगभग 2,000 नसबन्दी की गई, लेकिन 1976-77 के वर्ष में केवल जनवरी, 1977 तक 24,834 नसबन्दी की जा चुकी थी। यह सब कुछ परिवार नियोजन अभियान, परिवार नियोजन पखवाड़े, प्रेरणा राशि आदि के कारण सम्भव हुआ।

कोटा नगर के 17,841 सन्तानोत्पति योग्य जोड़ों में से 245 जोड़ों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 213 सवर्ण हिन्दू, 2 गैरसवर्ण हिन्दू एवं 30 अन्य धर्मावलम्बी पाये गये। 232 जोड़ों में से एक अथवा दूसरा साथी हाई स्कूल तक अथवा अधिक शिक्षित था। केवल एक जोड़ा अशिक्षित था। 195 जोड़ों का मासिक व्यय रु. 500 अथवा अधिक और 45 जोड़ों का मासिक व्यय रु. 200 से रु. 500 के बीच था।

सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि 78 प्रतिशत परिवार अधिक संतानों को आर्थिक भार मानते हैं तथा शेष स्वास्थ्य की दृष्टि से, आवास गृह की कमी की दृष्टि से, चिकित्सक की सलाह से प्रेरित होकर, प्रसव काल की वेदना के कारण अथवा दो संतानों में यथेष्ट समयान्तराल के उद्देश्य से परिवार नियोजन को अपनाकर परिवार को सीमित रखना चाहते हैं।

शत प्रतिशत परिवारों को बन्ध्याकरण, 84 प्रतिशत को निरोध की जानकारी थी, जबकि अन्य साधनों की जानकारी बहुत कम लोगों को थी। अधिकांश जोड़ों को परिवार नियोजन की जानकारी राजकीय प्रचार माध्यम एवं परिवार नियोजन केन्द्र से प्राप्त हुई। संतति निग्रह विधियों के प्रयोग के बारे में पूछने पर ज्ञात हुआ कि 57% सूचनादाताओं ने बन्ध्याकरण करा लिया है तथा 27 प्रतिशत सूचनादाता निरोध और 16 प्रतिशत सूचनादाता अन्य विधियों का प्रयोग करते हैं। 16 प्रतिशत युवक परिवार नियोजन के किसी भी माध्यम को अभी नहीं अपना रहे हैं इनमें से 3 वांछित सन्तानों की संख्या न होने से, 8 पुत्र के अभाव से, 4 धार्मिक कारण से परिवार नियोजन की नहीं अपनाना चाहते थे। एक परिवार संतति निग्रह विधियों को हानिप्रद एवं एक परिवार इन्हें महंगा होने के कारण नहीं अपना रहा है। निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि अधिकांश परिवार संतति निग्रह के पक्ष में हैं, उसकी विधियों की जानकारी रखते हैं और बन्ध्याकरण तथा निरोध सबसे सुगम, सरल एवं लोकप्रिय विधियां हैं।

12. Educational Aspirations of the Scheduled Caste Students :

Planning Forum of **Sri Sathya Sai College, Jaipur** conducted a survey of the occupational aspirations of the Scheduled Caste students with a view to examining

the relationship between their gradually ameliorating socio-economic status and aspirations. The study was confined to the school going Scheduled Caste students residing in a 'Harijan Basti' near Brahmpuri. Out of 400 Harijans residing in that 'Basti', the surveyors selected 20 students who were in the last years of their schooling, and selection was made on purposive basis through 'quota sampling'. In order to analyse the nature of aspirations minutely, the material regarding the background of the students in terms of age, course of study, parent's education, family income etc. was taken into consideration. The semographic characteristics of the S.C. was also kept in mind (According to 1971 census the S.C. population in India is 14.60% of the total population, while in the State of Rajasthan, it is 15.82% of the total population of the State. Thus their population is little more than the national average. The literacy in Rajasthan according to 1971 census is 28.74% for males and 8.46% for the females).

Findings : (i) Girls were not found continuing study beyond the Primary level. (ii) Cent per cent mothers and 55% fathers of the Scheduled Caste Students were illiterates–25% fathers had only Primary level schooling, only 20% fathers continued education upto Middle School standard. (iii) Almost all the parents had been earning their living by traditional methods. (iv) only 20% students considered their economic status comfortable but the remaining 80% felt economic constraints. (v) 40% students did not want to continue their education beyond Higher Secondary—some 30% wanted to study upto Degree level and the rest 30% upto the Post graduate level. (vi) 90% students showed no inclination to take up the jobs of their parents; 60% wanted to join Government Service, 10% wanted to enter politics and undertake the work of social reforms; 5% were keen to run trade and commerce; curiously enough none showed inclination for farming, nursing, police and military professions. (vii) 75% were aware of the fact that certain quota of posts is reserved for them in Government Service and the remaining 25% were quite unaware of this. Judged as a whole, their ambitions and aspirations were not very high. The reasons are not far to seek: lack of motivation, suppression and oppressions of centuries, lack of vocational guidance, illiteracy of their parents, poor socio-economic conditions, belief in fate etc. were primarily the causes responsible for their low occupational aspirations.

13. श्रीगंगानगर के प्रजनन योग्य 100 परिवारों का परिवार नियोजन से सम्बद्ध ज्ञान, प्रवृत्ति और प्रयोग का सर्वेक्षण

चौधरी बालूराम गोदरा राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीगंगानगर की योजना गोष्ठी ने श्रीगंगानगर के प्रजनन योग्य 100 परिवारों का परिवार नियोजन का ज्ञान, प्रवृत्ति और प्रयोग सम्बन्धी सर्वेक्षण किया। गंगा नहर के कारण कृषि एवं आर्थिक दृष्टि से उन्नत इस जिले में जाट, विश्नोई एवं सिक्ख लोगों का आधिक्य है। नगर में लगभग 90,000 जनसंख्या निवास करती है।

शिक्षा की दृष्टि से सम्भवत: यह नगर राजस्थान के अग्रगणी नगरों में से हैं। सर्वेक्षण में सभी आय वर्ग के सूचना दाताओं को सम्मिलित किया गया है। 55% सूचनादाता रु. 300 से रु. 600 मासिक आय वर्ग के थे। अधिकांश मामलों में इस क्षेत्र में विवाह के समय आयु अन्य क्षेत्रों की तुलना में ऊंची थी। सर्वेक्षित 100 पुरुषों में से 10 तथा स्त्रियों में से 25 अशिक्षित थे, अन्य प्राथमिक स्तर से स्नातकोत्तर स्तर तक शिक्षित थे। 55% पुरुष तथा 20 स्त्रियाँ हायर सैकण्डरी से अधिक और 35% पुरुष तथा 55% स्त्रियाँ हायर सैकण्डरी से कम शिक्षित थीं।

62% प्रतिशत परिवार अधिक बच्चों को आर्थिक भार मानते हैं, 25% कम बच्चों की देखभाल ठीक से हो पाती है, 10% मामलों में पुरुष कम बच्चे चाहते हैं तथा 3% अन्य कारणों से छोटा एवं सीमित परिवार को पसन्द करते हैं। अन्य स्थानों के सर्वेक्षण के विपरीत श्रीगंगानगर में बच्चों की प्रसव पीड़ा को कष्टकारक किसी ने भी नहीं माना है। इसी प्रकार किसी भी सूचनादाता ने यह नहीं माना कि बच्चों से स्वतंत्रता समाप्त होती है।

सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि 38% सूचनादाता बन्ध्याकरण द्वारा, 45% निरोध के प्रयोग द्वारा अन्य साधनों से परिवार को नियोजित करने का प्रयास कर रहे हैं। 2% सूचनादाता अभी परिवार नियोजन में विश्वास नहीं रखते। निरोध का प्रयोग करने वालों में अधिकांश सन्तानोत्पति में अन्तराल के उद्देश्य से ऐसा करते हैं। लूप, गोली को कई दम्पतियों ने हानिकारक माना, जबकि डायफ्राम अलोकप्रिय साधन था।

परिवार नियोजन की जानकारी का मुख्य स्रोत परिवार नियोजन कार्यकर्ता (40%), मित्र एवं सम्बन्धी (30%), डाक्टर (20%), प्रचार माध्यम एवं अन्य (10%) थे। श्रीगंगानगर जिले में प्रचार माध्यम की असफलता इससे स्पष्ट झलकती है।

75% दम्पतियों के अनुसार परिवार में बच्चों की आदर्श संख्या 3 तथा 20% के अनुसार यह संख्या 2 और 5% के अनुसार 1, 4 अथवा 6 भी थी।

परिवार नियोजन को न अपनाने के कारणों में रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों की आलोचना, बच्चों को ईश्वरीय देन मानना, बड़े परिवारों की महत्वकांक्षा, खर्चीले साधन आदि हैं। इनका निवारण शिक्षा प्रसार एवं सरकार द्वारा परिवार नियोजन को लोकप्रिय बनाने के प्रयत्नों द्वारा ही सम्भव है।

14. उदयपुर स्थित पानेरियों की भादड़ी ग्राम के 100 पानेरी परिवारों के परिवार नियोजन ज्ञान, पद्धति एवं प्रयोग का सर्वेक्षण :

मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर की 50 छात्राओं ने पानेरियों की भादड़ी ग्राम के 100 पानेरी परिवारों का परिवार नियोजन ज्ञान, पद्धति एवं प्रयोग विषय पर सर्वेक्षण किया। शिक्षा के प्रचार के कारण अधिकांश परिवारों में बच्चों की संख्या 3-4 पाई गई। कतिपय परिवारों में बच्चों की संख्या 6 से 10 तक भी पाई गई। आधे से अधिक परिवारों द्वारा परिवार नियोजन सम्बन्धी साधनों का उपयोग किया जाता है। शेष ने अपना आपरेशन करवा रखा है। उदयपुर नगर के निकट (15 किलोमीटर) स्थित होने के कारण इस गांव में परिवार नियोजन, रहन-सहन,

सफाई आदि के प्रति बहुत अधिक जागरुकता पाई गई। परम्परागत रूढ़िवादी पद्धतियों से ग्रस्त ग्रामवासियों का प्रमुख व्यवसाय कृषि ही है।

C. Investgations Undertaken by Degree Colleges :

15. ग्राम लोधा में परिवार नियोजन की जानकारी, सम्मान व व्यवहार सम्बन्धी समीक्षा :

योजना मंच, **राजकीय महाविद्यालय, बांसवाड़ा** के सदस्यों ने बांसवाड़ा से तीन किलोमीटर दूर महाविद्यालय के दत्तक ग्राम लोधा में परिवार नियोजन की जानकारी, ज्ञान व व्यवहार सम्बन्धी सर्वेक्षण किया। 875 एकड़ वाले व 101 परिवारों (569 जनसंख्या) वाले ग्राम में 92 परिवारों से सम्पर्क किया गया। जिनमें से 73 प्रतिशत (68) परिवारों की मासिक आय रु. 100 व 300 के बीच है, 12 प्रतिशत परिवारों की आय रु. 300 व 400 के बीच हैं और 8.7 प्रतिशत परिवारों की मासिक आय रु. 400 से अधिक है। 5.4 प्रतिशत परिवार ऐसे भी हैं, जिनकी मासिक आय रु. 100 से भी कम है।

92 में से 43 परिवार, परिवार नियोजन की विधियों से अवगत थे, इनमें से 42 बन्ध्याकरण, 3 निरोध, 2 गोली व 2 विलम्ब से सम्भोग की जानकारी रखते थे। ये जानकारी मुख्यत: गांव के नेता (17 को), सरकारी कर्मचारी (14 को), मित्रों व रिश्तेदारों से (6 को) प्राप्त हुई। शेष को यह जानकारी चिकित्सकों, परिवार नियोजन कार्यकर्ता, प्रचार माध्यमिक आदि से प्राप्त हुई। 49 परिवारों में से केवल 21 परिवार ही परिवार नियोजन विधियों का प्रयोग करते हैं, इनमें से भी 18 ने बन्ध्याकरण करा लिया है तथा शेष 3 में से एक निरोध व दो विलम्ब से सम्भोग विधि अपनाते हैं। अन्य परिवारों द्वारा परिवार नियोजन पद्धति न अपनाने के कारणों में कम सन्तान होना, बड़ा परिवार रखने को इच्छा होना, आलोचना का भय, वृद्धावस्था, संतान को ईश्वरीय देन मानना आदि प्रमुख बताये गये।

60 प्रतिशत परिवारों ने परिवार नियोजन करने को स्वीकारा है, क्योंकि उनकी दृष्टि से अधिक बच्चे आर्थिक भार हैं एवं आजादी की कम करते हैं। सर्वाधिक लोकप्रिय साधन बन्ध्याकरण है। 92 दम्पतियों में से 44 ने परिवार में संतानों की आदर्श संख्या 3 (2 लड़के व 1 लड़की) बतायी। 22 दम्पतियों ने चार संतानों को (2 लड़के व 2 लड़कियां) आदर्श संख्या बताया हैं। शेष 26 ने 4 से अधिक बच्चों का होना पसन्द किया।

शिक्षा प्रसार, शिशु कल्याण, प्रचार साधनों का अधिक प्रयोग, कानूनी बाध्यता एवं बल प्रयोग की कमी होने पर ही परिवार नियोजन कार्यक्रम सफल हो सकेगा। परिवार में संतानों को आदर्श संख्या हमारी सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप होनी चाहिये। उसके लिये कानूनी बाध्यता जैसी कोई चीज नहीं होनी चाहिये।

16. बाड़मेर नगर के 90 परिवारों का परिवार नियोजन : ज्ञान, प्रवृत्ति एवं प्रयोग सम्बन्धी सर्वेक्षण :

योजना गोष्ठी, **राजकीय महाविद्यालय, बाड़मेर** ने बाड़मेर नगर के चयनित 90 परिवारों का परिवार नियोजन, ज्ञान, प्रवृत्ति एवं प्रयोग सम्बन्धी सर्वेक्षण किया। आधे परिवारों की आय रु.300 तक एवं 16

परिवारों की आय रु. 600 मे अधिक है। केवल प्रजनन योग्य आयु वाले जोड़ों को ही सर्वेक्षण में सम्मिलित किया गया। आधे परिवारों में पुरुषों की आयु 25 से 35 वर्ष के बीच थी। 33 परिवारों में पुरुष की आयु 35 वर्ष व 49 वर्ष के बीच पाई गई। महिलाओं की आयु का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि निम्न आयु वर्ग मे महिलाओं की संख्या उच्च आयु वर्ग की तुलना में (पुरुषों की तुलना में भी) अधिक है। इससे स्पष्ट होता हैं कि लड़कियों की शादी आज भी पुरुषों की तुलना में छोटी उम्र में ही हो जाती है। गोने के समय 90 परिवारों में से 51 परिवारों के लड़के व 17 परिवारों की लड़कियों की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक थी।

सर्वेक्षित परिवारों में से 47 सरकारी नौकर, 26 स्वतंत्र व्यवसायी व 17 मजदूर थे। अध्ययन से ज्ञात हुआ कि नौकरी पेशा वर्ग के औसत बच्चों की संख्या व्यवसायी की तुलना में कम और स्वतंत्र व्यवसायी परिवार के औसत बच्चों की संख्या मजदूर की तुलना में कम थी।

शिक्षा एवं बच्चों की संख्या का सम्बन्ध ज्ञात करने पर ज्ञात हुआ कि अशिक्षित परिवारों में बच्चों की संख्या शिक्षित परिवारों की तुलना में अधिक थी। लगभग 25% पुरुष अशिक्षित, 28% हायर सैकण्डरी, 25% हायर सैकण्डरी से कम एवं शेष हायर सैकण्डरी से अधिक शिक्षित थे।

69 प्रतिशत परिवारों में तीन अथवा कम बच्चे पाये गये दो परिवारों के बच्चों की संख्या 7 से भी अधिक पाई गई। 53.3 प्रतिशत परिवार अधिक बच्चों की आर्थिक भार मानते हैं और 20 प्रतिशत का मानना है कि बच्चे कष्टदायक होने के साथ ही पारिवारिक स्वतंत्रता को सीमित करते हैं, शेष 24 परिवारों ने परिवार सीमित रखने के अन्य अनेक कारण बताये।

83.3 प्रतिशत (90 में से 75) परिवारों को परिवार नियोजन साधनों के बारे में जानकारी थी। इनमें से 29 को बन्ध्याकरण, 18 की निरोध, 11 को सम्भोग में अन्तराल, 5 को लूप व शेष को अन्य साधन अधिक प्रिय थे। परिवार नियोजन की जानकारी का स्रोत डाक्टर (27), प्रचार माध्यम (13), परिवार नियोजन कार्यकर्ता (10), मित्र व सम्बन्धी (12) व शेष को नेता, सरकारी कर्मचारी या अन्य साधन पाये गये। आश्चर्य की बात है कि परिवार नियोजन कार्यकर्ता 90 में से 10 परिवारों तक ही पहुँच पाये हैं। 90 में से केवल 51 (56.7%) युगल परिवार-नियोजन हेतु किसी न किसी साधन का प्रयोग करते हैं। 19 ने बन्ध्याकरण 17 ने निरोध व 15 ने अन्य दूसरे साधनों का प्रयोग बताया है। 14 युगल इच्छित बच्चों की संख्या प्राप्त न होने के कारण परिवार नियोजन साधनों का प्रयोग नहीं कर रहे थे। किसी भी व्यक्ति ने परिवार नियोजन कार्यक्रम को धर्म विरुद्ध नहीं माना था। कुल 6 परिवारों ने परिवार नियोजन के साधनों की भविष्य में प्रयोग करने की मनाही की, क्योंकि वे बड़े परिवार की आकांक्षा रखते थे या सन्तान को ईश्वरीय देन मानते थे या रिश्तेदारों अथवा पड़ोसियों की आलोचना से डरते थे या इन साधनों को खर्चीला मानते थे या प्रतिबन्धात्मक उपयोग से संतुष्टि में कमी मानते थे।

60 प्रतिशत परिवारों ने बच्चों की आदर्श संख्या 3, 16.67 प्रतिशत ने 2, 9 प्रतिशत ने 4 तथा शेष ने 4 से अधिक बताया। दो परिवार ऐसे भी थे, जिन्होंने आदर्श परिवार में बच्चों की संख्या 6 से भी अधिक बताई।

17. बिजयनगर के छात्रों का सामाजिक व आर्थिक सर्वेक्षण :

स्थानीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों के सामाजिक व आर्थिक परिवेश एवं उस पर उच्च शिक्षा के प्रभाव का गहराई से अध्ययन करने के उद्देश्य से **श्री प्राज्ञ महाविद्यालय, बिजयनगर** (अजमेर) की योजना गोष्ठी ने छात्रों का सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण के निष्कर्षों से महाविद्यालय प्रशासन की नीति निर्धारण में सहयोग मिलने की आशा थी।

महाविद्यालय के 210 विद्यार्थियों में से 72.86 (153) विद्यार्थी ही सर्वेक्षण में सम्मिलित हो पाये, शेष ने प्रश्नावली भर कर नहीं लौटाई। महाविद्यालय में केवल 3 छात्राएं अध्ययनरत हैं। तथा 48.37 प्रतिशत छात्र नगरपालिका क्षेत्रों के रहने वाले हैं। 92.81% विद्यार्थी अविवाहित हैं तथा 10.13% विद्यार्थी आत्म निर्भर होने के पूर्व ही विवाहित हो जाते हैं। महाविद्यालय में 57.52% छात्र हिन्दू एवं 36.6% छात्र जैन हैं। अनुसूचित जाति एवं जन-जाति के छात्रों की संख्या केवल 2% हैं। अधिकांश छात्रों के माता-पिता कम शिक्षित हैं। स्नातक एवं स्नातकोत्तर माताओं एवं पिताओं की संख्या नगण्य है, अधिकांश पिता माध्यमिक स्तर के एवं अधिकांश माताएं प्राथमिक स्तर तक ही शिक्षित हैं।

1,000 रु. प्रति वर्ष से कम आय वाले परिवार का कोई छात्र महाविद्यालय में अध्ययनरत नहीं हैं। 72.53% छात्र रु. 2,000 से रु. 7,500 प्रति वर्ष आय वर्ग वाले परिवारों से सम्बन्धित है। तथा 10,000 रु. से अधिक आय वाले परिवारों के छात्रों का प्रतिशत 12.42 हैं। 43.4% छात्र व्यवसायिक, 22.22% छात्र कृषि एवं 22.22% छात्र राजकीय सेवा में संलग्न परिवारों से सम्बन्धित हैं। 57 छात्र माता-पिता के साथ रहते हैं तथा 17 छात्र स्थानीय संरक्षकों के पास रहते हैं और 47 छात्र रोज आस पास के गांवों से मुख्य रूप से साईकिल द्वारा अध्ययन हेतु आते हैं, केवल 32 छात्र किराये के कमरों में निवास करते हैं। माता-पिता के पास रहने वाले छात्र 100 रु. प्रतिमाह तक व्यय करते हैं। किराये के कमरे लेकर रहने वाले छात्रों में से 10 को छोड़कर शेष रु. 200 प्रतिमाह तक व्यय करते हैं। माता-पिता के पास रहने वाले उच्च वर्ग के कुछ छात्र रु. 200 प्रतिमाह से भी अधिक व्यय करते हैं।

60.13% छात्रों ने खेलकूद, 18.43% छात्रों ने प्रातः भ्रमण में अभिरुचि प्रदर्शित की है। बालचर, व्यायाम, छात्र सेवा तथा शैक्षणिक परिषदों में बहुत कम छात्रों ने रुचि दिखाई है। 28.76% छात्रों ने चित्रकला, 32.03% छात्रों ने संगीत तथा 30.71% ने सांस्कृतिक, साहित्यिक, फोटोग्राफी आदि के लिये अभिरुचि व्यक्त की।

महत्वाकांक्षाओं के बारे में पूछने पर केवल 90.85% छात्रों ने ही उत्तर दिया, शेष छात्र सम्भवतः भावी जीवन के उद्देश्य निश्चित नहीं कर सके हैं। वकालात की कोई छात्र अपना लक्ष्य नहीं बनाना चाहता है। 13.73% छात्र चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट बनना चाहते हैं तथा 52.57% छात्र (73) राजकीय सेवा करना पसन्द करते हैं। 25.49% छात्र व्यवसाय में रुचि रखते हैं। मुख्य बात यह है कि कृषि क्षेत्र के विद्यार्थी कृषि को भावी जीवन में अपनाना पसन्द करते हैं।

महाविद्यालय प्रशासन, पुस्तकालय, खेलकूद तथा शिक्षा पद्धति (आंतरिक मूल्यांकन पद्धति सहित) के बारे में छात्रों ने महत्वपूर्ण एवं आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किये। महाविद्यालय प्रशासन ने इन सुझावों के अनुरूप कार्यवाही की है, इससे ही सर्वेक्षण की सार्थकता प्रतीत होती है।

18. बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम के अन्तर्गत चालू की गई 'बुक बैंक' योजना की क्रियान्विति एवं सफलता का अध्ययन :

योजना गोष्ठी, **चिड़ावा महाविद्यालय, चिड़ावा** (झुंझुनू) ने बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम के अन्तर्गत चालू की गई "बुक बैंक" योजना की चिड़ावा नगर में क्रियान्विति एवं सफलता का अध्ययन किया।

चिड़ावा नगर में कुल 17 शिक्षण संस्थाएं हैं, इनमें 9 प्राथमिक विद्यालय, 3 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 3 माध्यमिक विद्यालय एवं 2 महाविद्यालय हैं। बाल निकेतन विद्यालय, चिड़ावा के अतिरिक्त सभी आठ प्राथमिक विद्यालयों में बुक बैंक योजना के अन्तर्गत कुल 1269 छात्रों में से 425 छात्रों को पुस्तकें, कापियां, स्लेट एवं पैन्सिल आदि का वितरण किया गया। बुक बैंक योजना को नागरिक सम्मेलन, नगरपालिका, स्थानीय नागरिक, सरकार एवं स्वयं छात्र भी सफल बनाने के लिये कृत संकल्प पाये गये। अर्थाभाव एवं फटी पुस्तकों का लाना मुख्य समस्यायें थीं, जिनके कारण योजना का सुचारू क्रियान्वयन संभव नहीं हो रहा हैं।

1526 विद्यार्थियों वाले तीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 517 छात्रों को 1062 पुस्तकें वितरित को गईं। इन सभी स्कूलों में निर्धन एवं सहायता कोष नहीं हैं, अतः बुक बैंक निर्धन छात्रों को राहत पहुँचाने के लिए एक आदर्श योजना सिद्ध हुई, परन्तु अर्थाभाव के कारण यह योजना और भली प्रकार लागू नहीं हो सकी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिक्षा को सस्ता, सुलभ व आकर्षक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया जाता रहा है, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा का प्रसार हो सके। चिड़ावा में स्थित तीन उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 1684 विद्यार्थियों में से 19.9% छात्रों को बुक बैंक योजना के अन्तर्गत लाभ प्रदान किया गया। इन तीनों विद्यालयों के पास 988 पुस्तकें बुक बैंक में जमा हैं। राज्य सरकार, छात्र सहायता, नागरिक सम्मेलन, व नगर पालिका आदि से योजना को सहयोग प्राप्त होता रहा है, जिनसे 2222.80 रु० नकद प्राप्त हुए।

चिड़ावा में दो महाविद्यालय हैं। एक रायबहादुर सेठ सूरजमल शिव प्रसाद वेद वेदांग संस्कृत महाविद्यालय तथा दूसरा चिड़ावा कालेज, चिड़ावा इनमें क्रमशः 9 एवं 667 छात्र विद्याध्ययन कर रहे हैं। संस्कृत महाविद्यालय में 511 तथा चिड़ावा कालेज में 1781 पुस्तकें बुक बैंक में हैं तथा लगभग 90% विद्यार्थियों को इनसे लाभ मिल रहा है। निर्धन छात्र सहायता कोष, सोमानी एजूकेशन सोसायटी, नगर पालिका, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त सहयोग से बुक बैंक योजना की प्रगति आशातीत रही है और पिछड़े वर्ग के छात्रों एवं गरीब छात्रों को पूरे सैट विद्याध्ययन हेतु प्रदान किये जाते रहे हैं।

विद्या प्रसार में बुक बैंक के महत्त्व को कम नहीं किया जा सकता तथा इस ओर चिड़ावा नगर की शिक्षण संस्थाएं सराहनीय कार्य कर रही हैं। आवश्यकता इस बात की है कि चिड़ावा में सहायक

बुक डिपो की स्थापना की जावे, विद्यार्थियों का सहयोग मिले, पुस्तकें रखने के लिये अलमारियों का प्रबन्ध हो, तथा धनी वर्ष अधिक चन्दा एवं अनुदान प्रदान करें।

19. चित्तौड़गढ़ के ओछड़ी ग्राम के 150 परिवारों का परिवार नियोजन सर्वेक्षण :

योजना गोष्ठी, **राजकीय महाविद्यालय, चित्तौड़गढ़** ने शहर से तीन मील दूर ओछड़ी ग्राम के 200 में से 150 परिवारों का परिवार नियोजन सर्वेक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि 150 में से 120 परिवारों द्वारा परिवार नियोजन पद्धतियों का प्रयोग किया जाता है। 130 परिवारों सें सें 90 नसबन्दी, 20 लूप, 10 निरोध और 10 गोलियों का प्रयोग करते हैं, स्पष्ट है नसबन्दी परिवार नियोजन का पर्याय बनता जा रहा है।

एक महत्वपूर्ण बात यह थी कि 130 में से 100 परिवारों ने बच्चों को आर्थिक भार मानकर परिवार नियोजन को अपनाया जबकि 35 ने प्रचार माध्यम, डाक्टर के परामर्श तथा 5 ने रुग्णावस्था के कारण परिवार नियोजन को अपनाया। परिवार नियोजन को अपनाने वालों में से सर्वाधिक व्यक्ति पचास 30 से 40 वर्ष को आयु के तथा केवल बीस व्यक्ति 50 वर्ष को आयु से ऊपर थे। 30 व्यक्तियों ने 30 वर्ष की आयु से पूर्व ही परिवार नियोजन करना आरम्भ कर दिया है। सर्वेक्षित परिवारों में से केवल 24 परिवार ऐसे थे, जिन्होंने 3 अथवा कम बच्चे होने पर ही परिवार नियोजन को अपनाया। 40 के 3 से 5 बच्चे। 35 के 5 से 7 बच्चे एवं 31 के 7 से अधिक बच्चे थे।

परिवार नियोजन न अपनाने के जो प्रमुख कारण बताये गये वे थे—धर्मान्धता, रूढ़िवादिता, सन्तान को ईश्वरीय देन मानना अथवा सन्तानों की संख्या कम होना। कुछ परिवार पुत्रोत्पत्ति की आशा में परिवार नियोजन के साधनों का प्रयोग नहीं कर रहे हैं, 25% परिवार बड़े परिवारों के पक्ष में हैं और इसी कारण परिवार नियोजन के पक्ष में नहीं हैं।

सर्वेक्षण कर्त्ताओं ने कुछ सुझाव प्रस्तुत किये। सर्वाधिक महत्वपूर्ण सुझाव था प्रचार माध्यमों के द्वारा सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यकर्ता परिवार नियोजन के प्रति जन साधारण में जागरूकता उत्पन्न करें और साथ ही शिक्षा प्रसार विशेषकर स्त्री शिक्षा पर अधिक बल दिया जावे, क्योंकि शिक्षा प्रसार से रूढ़िवादिता एवं धर्मान्धता समाप्त होगी।

20. भण्डाना (दौसा तहसील) को एक आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु गोद लेकर सर्वेक्षण करना :

राष्ट्रीय सेवा योजना और गोष्ठी के समन्वय एवं सहयोग का अनुपम उदाहरण **राजकीय महाविद्यालय, दौसा (जयपुर)** द्वारा भण्डाना (दौसा तहसील) को एक आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु गोद लेना है। इस गाँव में प्रो० अशोक बापना के संयोजन में गोष्ठी के सदस्यों ने साक्षरता, यातायात, स्वास्थ्य, कृषि उन्नयन, ग्रामीण ऋण, सहकारिता आदि के सर्वेक्षण का कार्य किया है। विकास समारोह के अवसर पर "ग्राम विकास के विविध आयाम" नामक 74 पेज की एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया गया, जिसका सम्पादन प्रो० योगेशचन्द्र शर्मा एवं सह-सम्पादन प्रो० अशोक बापना ने किया। स्मारिका में ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, पशु-पालन, पेय-जल, बैंकिंग आदि समस्याओं पर विभिन्न विद्वानों के विचार एवं अनुभवों के साथ सुझाव भी प्रस्तुत किये गये हैं।

स्मारिका में भूतपूर्व केन्द्रीय योजना राज्यमंत्री श्री शंकर घोष के "योजना और अर्थव्यवस्था

वर्तमान चुनौतियाँ" विषय पर भाषण, प्रो० सी० एस० बरला, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के "राजस्थान में कृषि विकास मूल्याँकन एवं सीमाएं" विषय पर भाषण, विकास अधिकारी, स्टेट बैंक आफ इण्डिया के लेख एवं अन्य इसी प्रकार के लेख प्रकाशित किये गये हैं। साथ ही गोष्ठी के गत वर्ष के कार्य-कलापों का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत किया गया है। यह कार्य सराहनीय तो है ही साथ ही अन्य महाविद्यालयों के लिये अनुकरणीय भी है।

21. 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम तथा डीडवाना तहसील में ग्राम्य विकास : एक सर्वेक्षण :

राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना के आयोजन मंच ने 18 माह के 20 सूत्री कार्यक्रम के क्रियान्वयन से डीडवाना क्षेत्र में ग्राम्य विकास पर बड़े प्रभाव का अध्ययन करने के उद्देश्य से एक सर्वेक्षण किया। देव निदर्शन तथा सौद्देश्य निदर्शन पद्धति से छांटे गये पांच गांवों में 120 व्यक्तियों से साक्षात्कार किया गया।

प्रति परिवार सदस्यों की संख्या राष्ट्रीय आदर्श से अधिक पाई गई। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों की संख्या केवल 19% है, जबकि राजस्थान में यह प्रतिशत 28 है। इन पांचों गावों में साक्षरता का औसत 28.8 है, जो कि राष्ट्रीय औसत के निकट है। पायली ग्राम में यह सर्वाधिक 41.4 है, जबकि अन्य चार गांवों में से तीन में 22.24 तथा चौथे में 32.2 है। गरीबी, समयाभाव, अरुचि, आलस्य एवं पथ प्रदर्शन की कमी अशिक्षा के प्रमुख कारण पाये गये।

कृषि इस क्षेत्र का प्रमुख व्यवसाय है, लेकिन मजदूरी, नौकरी, सुनारी जैसे कार्य भी सामान्य हैं। 120 में से चार व्यक्ति भूमिहीन किसान हैं, जिन्हें 20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत भी भूमि आवंटित नहीं की गई। इसी प्रकार 10 व्यक्तियों के पास निवास हेतु भूखण्ड नहीं है तथा बीस सूत्री कार्यक्रम में भूमि आवंटित नहीं की गई है।

62 परिवारों की आय रु० 3000 वार्षिक से कम तथा 42 परिवारों की आय रु० 3000 तथा रु० 5000 वार्षिक के बीच है। कृषि कार्य में संलग्न 95 परिवारों में से 58 परिवारों के पास 20 से 49 बीघा भूमि प्रति परिवार हैं तथा 18 परिवारों के पास 20 बीघा से कम भूमि प्रति परिवार है।

इस क्षेत्र में जयपुर-नागौर आंचलिक ग्रामीण बैंक खुल जाने के बावजूद भी बहुत कम लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है। छोटी खाटू में 11 व्यक्तियों ने बैंक, सरकार व व्यापारिक बैंकों से ऋण प्राप्त किये हैं। अन्य 14 व्यक्तियों ने साहूकार व मित्रों से ऋण प्राप्त किये है। ऋण मुक्ति अधिनियम के बावजूद भी कई व्यक्ति ऋण मुक्त नहीं हो पाये हैं। 20 सूत्री कार्यक्रम की जानकारी सभी को दी तथा सार्वजनिक वितरण व्यवस्था में सभी ने सुधार अनुभव किया। निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि 20 सूत्री कार्यक्रम की जितनी उपलब्धियों का वर्णन प्रेस, आकाशवाणी तथा सरकारी कागजों में हुआ उसकी अपेक्षा में छोटे गांवों में उपलब्धि न्यून रही।

22. देवली के कृषकों पर हरित क्रांति कृषि समस्याओं, कृषि सम्बन्धी पड़तों की मांग व पूर्ति का सर्वेक्षण :

योजना गोष्ठी, **नेहरू महाविद्यालय, देवली (टोंक)** के तत्वावधान में देवली के कृषकों पर पड़े

हरित क्रान्ति के प्रभावों का, कृषि सम्बन्धी समस्याओं का एवं कृषि सम्बन्धी पड़तों तथा बीज, उर्वरक, औजार, ट्रैक्टर, सिंचाई के साधन आदि की मांग व पूर्ति का अध्ययन करने के उद्देश्य से "देवली में कृषिगत पड़तों की मांग व पूर्ति का एक सर्वेक्षण" किया।

1971 की जन-गणना के अनुसार 9341 जनसंख्या वाले इस ग्रामीण कस्बे के 776 कृषकों में से न्यादर्श पद्धति द्वारा 77 कृषकों से ही सम्पर्क किया जा सका। देवली में 2249 हैक्टर कृषि योग्य (218 सिंचित एवं 2031 असिंचित) तथा 485 हैक्टर कृषि अयोग्य भूमि हैं।

सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि 29.7% जोतों का आकार 2 से 5 हैक्टर तथा 26.5% जोतों का आकार 1 से 2 हैक्टर के बीच है। केवल 12.5% कृषकों के पास ही 10 हैक्टर से अधिक भूमि है। 54 कृषकों के पास स्वयं की भूमि, 9 के पास हिस्सेदारी भूमि एवं एक कृषक के पास दान की भूमि थी। किराये की भूमि किसी भी कृषक के पास नहीं थी। परिवार के सदस्यों की औसत संख्या 9.5 थी तथा यह पाया गया कि छोटे परिवारों के पास छोटी ही जोत है, यह सम्भवतः इस बात का प्रतीक है कि परिवार के साथ जोत का भी उप-विभाजन होता जाता है।

गेहूँ, जौ व चना रबी की तथा ज्वार, मक्का, तिल व मूंगफली खरीफ की प्रमुख फसलें हैं। इनके अतिरिक्त गन्ना, मिर्च, चना व बाजरा भी उत्पन्न किये जाते हैं। अधिक अन्न उत्पन्न करने वाले बीज केवल 22 हैक्टर भूमि पर बोये गये जिनका औसत उत्पादन साधारण उत्पादन की तुलना में लगभग तीन गुना था। सर्वेक्षण से पता लगा कि 77% कृषक अपने उत्पादन का शत-प्रतिशत और 23% कृषक अपने उत्पादन का 50% स्वयं के उपभोग के लिये रखते हैं। इस कारण बिक्री योग्य अतिरिक्त बहुत कम बच पाता है।

देवली में पशु संख्या 2,749 हैं, जबकि सर्वेक्षित 64 परिवारों के पास 468 पशु हैं। 72% के पास स्वयं की गाय, 63% के पास स्वयं के बैल और 48% के पास स्वयं की भैंस हैं। इस क्षेत्र मे भेड़, बकरी आदि कम पाले जाते है।

कृषि उत्पादन एवं कृषि आदानों (Inputs) के बीच कृषिपण्डित एक कार्यात्मक सम्बन्ध मानते है। 26% कृषक श्रम पर कोई राशि व्यय नहीं करते थे और 56% कृषक 200 रु. वार्षिक से भी कम व्यय करते थे, जबकि 18% कृषक 200 रु. से अधिक व्यय करते थे, इनमें भी केवल 3% 500 रु. से अधिक व्यय करते थे। स्पष्ट हैं कि जोत के छोटे होने एवं परिवार के बड़े होने से अतिरिक्त श्रमिकों की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

सिंचाई के साधनों की कमी के कारण ही भारतीय कृषि मानसून का जुआ है। देवली में 218 हैक्टर भूमि को 2 तालाब, 138 कुए एवं 60 पड़त कुए सींचते हैं। इनमें भी 66% कृषक सिंचाई पर कुछ भी अतिरिक्त व्यय नहीं करते जबकि शेष 34% लगभग 200 रु. वार्षिक व्यय करते हैं। कुछ कृषक वित्तीय कठिनाईयों के कारण नये कुए खुदवाने में असमर्थ हैं।

आधुनिक अधिक उपज देने वाले बीजों पर देवली के कृषकों का ध्यान पूरा नहीं गया है। 16% कृषक स्वयं के बीजों का, 33% बाडी के बीजों का प्रयोग करते हैं। केवल 17% कृषक

200 रु. से अधिक राशि प्रति वर्ष बीजों पर व्यय करते हैं और शेष 34% कृषक 200 रु. से भी कम राशि बीजों के क्रय पर व्यय करते हैं। गत वर्ष देवली में लगभग 600 क्विंटल बीज का वितरण सहकारी समिति एवं ग्राम सेवक द्वारा किया गया।

सर्वेक्षण के दौरान अत्यन्त खेदजनक तथ्य सामने आया कि 47% कृषक किसी प्रकार का भी खाद प्रयुक्त नहीं करते, जबकि केवल 14% कृषक आधुनिक रसायनिक खाद प्रयुक्त करते हैं और शेष 39% कृषक आधुनिक व परम्परागत खादों का प्रयोग करते हैं। सिंचाई के साधनों के अभाव के कारण आधुनिक रसायनिक खाद का प्रयोग कम किया जाता हैं और जो प्रयोग किया जाता है, वह भी छोटी जोत एवं सिंचित क्षेत्र की सुविधा वाले किसानों द्वारा 47%। कृषक खाद पर कोई राशि व्यय नहीं करते, 28%, 200 रु. वार्षिक तक तथा शेष 25%, 200 रु. वार्षिक से अधिक करते हैं।

भारतीय कृषि जितनी पुरानी है, कृषि यंत्र भी उतने ही पुराने। देवली ग्राम पंचायत के अनुसार ग्राम में 37 ट्रेक्टर हैं, जबकि सर्वेक्षित परिवारों में से केवल 1 के पास ट्रैक्टर, 1 के पास विद्युत पम्प, दो के पास डीजल पम्प व एक के पास फार्म मशीन है। शेष सभी कृषक हल, चरस, कुन्नी आदि परम्परावादी औजारों से कृषि कार्य करते हैं। 56% कृषकों ने कृषि यंत्रों के क्रय अथवा मरम्मत पर इस वर्ष कोई व्यय नहीं किया। 30% ने 200 रु. वार्षिक से कम और शेष 14% ने 200 रु. से अधिक वार्षिक व्यय किया। 500 रु. से अधिक व्यय करने वाला केवल एक कृषक था। कृषि आधुनिकरण पर निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि बहुत कम व्यव किया जाता है।

ग्राम सेवक द्वारा उपलब्ध कराये जाने पर केवल 25% कृषक ही कीटनाशक औषधियों का प्रयोग करते हैं। पंचायत समिति द्वारा क्रियान्वित किये गये कृषि विस्तार कार्यक्रम (जिसमें 480 कृषकों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षत किया गया) के बावजूद अधिकांश कृषकों ने भूमि सुधार, भू-संरक्षण, उन्नत बीज, कीट नाशक औषधि, रसायनिक खाद आदि का एक प्रकार से परहेज किया।

कृषि साख की उचित सुविधा का प्रबन्ध करके भारतीय कृषि की कई समस्याओं एवं कमियों का निराकरण किया जा सकता है। सर्वेक्षित कृषकों में से 41% कृषकों ने कोई ऋण नहीं ले रखा था। बैंक व सहकारी समिति से ऋण लेने वालों का प्रतिशत केवल 19 ही था। शेष ने साहूकार, मित्र व रिश्तेदारों से ऋण ले रखे थे। ऋणों की मात्रा 200 रु. से 5,000 रु. तक थी, केवल एक कृषक ने बैंक आफ बड़ौदा से 5,000 रु. से अधिक (40,000 रु.) ऋण ले रखा था। ऋण लेने में जटिलताएं, देरी, असुविधा व लौटाने में आवश्यक नियमितता के कारण कृषक बैंक व सहकारी समिति को पसन्द नहीं करते हैं।

सर्वेक्षण के निष्कर्मों के आधार पर कहा जा सकता हैं कि बनास नदी पर बाँध बनाकर सिंचाई सुविधा बढ़ाई जावे। आधुनिक खाद, बीज, यंत्र आदि के बारे में प्रशिक्षण देकर उन्हें सुलभ किया जावे। भू-संरक्षण, मेड़बन्दी व चकबन्दी की कार्यवाही शीघ्र की जावे तथा साख सुविधाओं को सुलभ कराया जावे।

23. जैसलमेर के 45 परिवारों का परिवार नियोजन से सम्बद्ध सर्वेक्षण :

परिवार नियोजन के बारे में लोगों के ज्ञान, अभिवृति एवं व्यवहार का अध्ययन करने के

उद्देश्य से **एस. बी. कोठारी राजकीय महाविद्यालय, जैसलमेर** की योजना गोष्ठी ने जैसलमेर के परिवारों में से देव निदर्शन विधि द्वारा छाँटकर 45 परिवारों का सर्वेक्षण किया।

सर्वेक्षित परिवारों के प्रति परिवार औसत जीवित सन्तान 3 थीं। पुरुषों की वर्तमान औसत आयु 38 वर्ष तथा विवाह के समय औसत आयु 23 वर्ष थी, स्त्रियों के मामले में यह आयु क्रमशः 30 वर्ष एवं 17 वर्ष पाई गई। सर्वेक्षित परिवारों में से 22 वेतनभोगी, 12 व्यापारी, 9 मजदूर तथा 2 कृषक परिवार थे। इन सब का औसत मासिक व्यय 216 रु. पाया गया। 10 परिवारों में पुरुष एवं 40 में स्त्रियां अशिक्षित पाई गईं, शेष में से 2 स्नातकों के अतिरिक्त अन्य सभी पुरुष सैकण्डरी अथवा कम स्तर तक शिक्षित थे।

45 परिवारों में से 22, परिवार को सीमित रखने को पक्ष में थे, क्योंकि अधिक बच्चे आर्थिक भार होते हैं (12), स्वास्थ्य खराब रहता है (5) अथवा प्रसव पीड़ा से बचना चाहते हैं (3) दो पुरुषों ने नसबन्दी करा ली थी। 30 परिवार परिवार नियोजन की जानकारी रखते हैं इस प्रकार 8 परिवार नियोजन की जानकारी रखते हुए भी इसके पक्ष में नहीं हैं। बन्ध्याकरण एवं निरोध सर्वाधिक लोकप्रिय साधन हैं, क्योंकि 66.7% को इन्हीं साधनों का ज्ञान है। शेष को लूप, संयम एवं अन्य साधनों की जानकारी हैं। इन परिवारों में से 11 को प्रचार माध्यम 7, को डाक्टर से, 7 को मित्रों एवं सम्बन्धियों एवं अन्य को ग्रामीण नेता अथवा परिवार नियोजन कार्यकर्ता से जानकारी मिली है। 15 परिवार अभी भी परिवार नियोजन विधियों के प्रति अनभिज्ञ हैं।

परिवार नियोजन की जानकारी रखने वाले 30 परिवारों में से केवल 20 परिवार ही परिवार नियोजन को अपना रहे हैं, इनमें 10 ने बन्ध्याकरण करा लिया है, 6 निरोध का प्रयोग करते हैं तथा शेष 4 अन्य विधियों का प्रयोग करते हैं। ये परिवार अधिकतम् 4 वर्ष एवं न्यूनतम चार माह से किसी न किसी विधि को अपना रहे हैं।

परिवार नियोजन विधियों को नहीं अपनाने वाले 25 परिवारों में से 17 को इच्छित बच्चे नहीं है। तथा शेष इसे धर्म के विरुद्ध मानते हैं, ईश्वरीय देन मानते हैं, भगवान् भरोसे हैं अथवा आलोचना से घबराते हैं। लगभग सभी परिवार 3 बच्चों वाले परिवार को आदर्श परिवार मानते हैं इनमें भी 2 लड़के एवं एक लड़की के जोड़ को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं।

सर्वेक्षण के दौरान पता लगा कि सभी परिवार इस मामले में जोरजबरदस्ती का विरोध करते हैं। इस आन्दोलन को भविष्य में स्वेच्छिक एवं गुणात्मक दृष्टि से चलाया जाय तो परिणाम अधिक अनुकूल होंगे।

24. जीतावाला (जयपुर) ग्राम की पिछड़ी, अनुसूचित एवं जन-जातियों को उपलब्ध रोजगार सम्बन्धी शैक्षणिक सुविधाओं का अध्ययन :

योजना मंच, **अग्रवाल महाविद्यालय, जयपुर** के सदस्यों ने राष्ट्रीय मार्ग संख्या 11 पर आगरा की ओर जयपुर से 13 किलो मीटर दूर स्थित जीतावाला ग्राम की पिछड़ी, अनुसूचित एवं जन-जातियों को उपलब्ध रोजगार सम्बन्धी शैक्षणिक सुविधाओं का अध्ययन किया। पिछड़ी अनु-

सूचित एवं जन-जातियों के लिये शिक्षा, रोजगार, छात्रवृत्ति एवं अन्य क्षेत्र में 14 से 28 प्रतिशत स्थान सुरक्षित तो हैं लेकिन देखना यह है कि वर्तमान शिक्षण सुविधाएं उनकी व्यवसायिक आवश्यकताओं के अनुकूल हैं अथवा नहीं।

अशिक्षा, जातिवाद, छूआछूत आदि रूढ़िवादी परम्पराओं से ग्रसित जीतावाला ग्राम में 58 प्रतिशत लोग अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जातियों के हैं, इनमें भी मुख्य मीणा, कोली, बलाई, सांसी व कुम्हार हैं। संख्या की दृष्टि से ब्राह्मणों का स्थान प्रथम, बलाईयों का द्वितीय एवं साँसियों का तृतीय है। सर्वेक्षण के परिणामस्वरूप एक अनोखी बात यह पाई गई कि अनुसूचित जाति एवं जन-जातियों में भी साँसी जाति को निम्न समझा जाता है तथा इनके साथ अन्य जातियां लगभग वैसा ही व्यवहार करती हैं, जैसा कि तथाकथित सवर्ण लोग अनुसूचित जाति एवं जन-जाति के लोगों के साथ करते हैं।

जीतावाला गांव में 30.4 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर हैं और केवल 10 प्रतिशत व्यक्ति शिक्षित हैं। स्त्री शिक्षा का अत्याधिक अभाव हैं। शिक्षा के अभाव का मुख्य कारण शिक्षा के प्रति रुचि एवं सुविधा की कमी है। सैकण्डरी एवं उच्च शिक्षा के लिये छात्रों को बाहर जाना पड़ता है।

इन जातियों से सम्बन्धित स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की छात्रवृत्ति एवं बुक बैंक की सुविधा प्राप्त है लेकिन इनकी आवश्यकता एवं संख्या की तुलना में ये सुविधाएं बहुत कम हैं।

सर्वेक्षण के परिणामस्वरूप दूसरी प्रमुख बात यह पाई गई कि शिक्षा का व्यवसायिक आवश्यकताओं से कोई सम्बन्ध नहीं हैं, इससे ग्रामवासी शिक्षा के प्रति उदासीन हो जाते हैं।

ग्राम जीतावाला में शिक्षा के पिछड़े होने के कारण हैं—स्थानाभाव, सामान्य शिक्षा का अभाव, शिक्षा का व्यवसाय से सम्बन्ध न होना, कृषि प्रशिक्षण केन्द्रों का अभाव, वित्तीय कठिनाई, सांप्रदायिक भावना का पाया जाना, प्रौढ़ शिक्षा का अभाव आदि।

गांवों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, पशु चिकित्सा, कृषि विपणन एवं वितरण सम्बन्धी सुविधाओं की भयंकर कमी है। इन आधारभूत सुविधाओं का समुचित प्रबन्ध होने से ही इस गांव का तीव्र विकास सम्भव है।

शिक्षा को अधिक प्रभावशाली एवं लाभकारी बनाने के लिये आवश्यक है कि शिक्षा को व्यवसायोन्मुखी बनाया जावे, छात्रवृत्तियां अधिक दी जावें, सामान्य शिक्षा के माध्यम से छूआछूत व जाति-पाति की भावना को दूर किया जावे, प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम की सफलता से लागू किया जावे' प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की जावे, सस्ते मूल्य पर शिक्षा सामग्री प्रदान की जावे, स्कूल को कम से कम सैकण्डरी स्तर तक क्रमोन्नत किया जावे। इस ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के व्यवसायोन्मुख होने से ग्रामीण कुटीर उद्योगों का विकास हो सकेगा। विशेष उल्लेखनीय उद्योग हैं—कपड़ा बुनना, जूते बनाना, कुक्कट पालन एवं डेयरी उद्योग। कृषि की प्रधानता को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में कृषि प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की आवश्यकता को कम नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार के केन्द्र में स्थानीय कृषकों की आधुनिक कृषि पद्धतियों, आधुनिक कृषि यंत्रों, रसायनिक खाद एवं उन्नत

बीजों की व्यवहारिक उपयोगिता एवं जानकारी दी जा सकती है, जिससे कृषक इन्हें अपनाकर अपना, स्वयं का एवं राष्ट्र का हित वर्धन कर सकें।

25. A Survey to inquire about the 'Knowledge' Attitude and Practice of Family Planning' among the labour class of Khadi Bagh Chomu Samod (Distt. Jaipur) :

With a team of 20 students the Planning Forum of **R. L. Saharia College, Kaladera** interviewed 51 labourers of different productive age group, 24 belonged to 26-45 years age group, 11 to 26-35 and 13 to 34-45 years age group. The average age at the time of marriage for males was 16 years and for females 15.

Findings : The survey indicated that (i) the present generation is keen to have a small family.It was also found in the literates and educated youth that small Family norms are gaining ground. Amongst those surveyed 84% of the labourers seemed to be in favour of small families, because most of them felt, that a greater number of children would imply economic burden. 14% of them were of the view that children are troublesome and restrict their freedom. They also felt that a larger number of children would adversely affect the health of the mother and also create accomodation problem. (ii) 73% were found to be aware of Family Planning methods and used 'Nirodh'. Sterlisation was also popular among them. About 60% respondents came to know about these methods from leaders and the publicity media, 20% from doctors, and 11% from Government servants. (iii) Only 43% of the people were actually practising the Family Planning methods, although 84% were in favour of using these methods. (iv) The ideal number of children favoured in a family was between 3 and 4 (the exact average being 3.76).

Conclusion : The team of surveyors arrived at the following conclusions : compulsion and coersion should find no place in this delicate field of human relations, eradication of illiteracy, economic upliftment of the masses, and extensive publicity of the family welfare programme would alone lead to smaller families. Also that health, maternity and child care should be made integrated part of the Family Planning programme.

26. करौली उप-खण्ड की विकास समस्याओं का अध्ययन :

योजना परिषद्, **राजकीय महाविद्यालय, करौली** (सवाईमाधोपुर) ने करौली उप-खण्ड की विकास समस्याओं का अध्ययन करने हेतु 17-2-77 को एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें नगर के गणमान्य व्यक्तियों के अतिरिक्त उद्योग विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, महाविद्यालय एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विचार गोष्ठी में निम्न तथ्य सामने आये :—वन एवं खनिज सम्पदा से भरपूर इस उप-खण्ड का विकास कुटीर एवं लघु उद्योगों की तीव्र स्थापना पर निर्भर करता है। इस क्षेत्र की कृषि भूमि उपजाऊ हेतु, लेकिन पठारी क्षेत्र होने के कारण कृषि योग्य भूमि, कुल भूमि का केवल 25% ही है। तीव्र आर्थिक प्रगति के लिये

करौली को रेल से जोड़ना और चम्बल पर पुल का निर्माण कराना अत्यावश्यक है। स्थानीय बैंक एवं उद्योगपतियों के सहयोग से ही इस क्षेत्र का तीव्र आर्थिक विकास संम्भव है।

27. ग्राम बाटड़ानाऊ के 150 परिवारों में परिवार नियोजन जानकारी, दृष्टिकोण एवं व्यवहार सम्बन्धी सर्वेक्षण :

प्लानिंग फोरम, **भगवानदास तोदी महाविद्यालय, लक्ष्मणगढ़** के सदस्यों ने ग्राम बाटड़ानाऊ के 150 परिवारों का संगणना विधि से परिवार नियोजन जानकारी, दृष्टिकोण एवं व्यवहार सम्बन्धी सर्वेक्षण किया। 90 प्रतिशत परिवार कृषि पर निर्भर पाये गये तथा 60 प्रतिशत परिवारों की मासिक आय 200 रु. तक थी, जबकि 20 प्रतिशत परिवारों की मासिक आय 300 रु. से अधिक थी।

ग्रामवासी परिवार नियोजन को बन्ध्याकरण एवं नसबन्दी का पर्याय समझते हैं, लूप से नाम मात्र का परिचय है, अन्य विधियों से वे अपरिचित हैं। 30% परिवार ही परिवार नियोजन विधियों का प्रयोग करते हैं, इनमें भी नसबन्दी प्रमुख एवं निरोध गौण साधन हैं। बहुत से ग्रामवासी नसबन्दी की हेय दृष्टि से देखते हैं। अधिकांश ग्रामवासियों ने दो पुत्र एवं एक पुत्री वाले परिवार को आदर्श परिवार बताया। कुछ ही परिवारों ने 5 से 6 बच्चों वाले परिवार को श्रेष्ठ बताया।

शिक्षा के प्रसार की कमी के कारण परिवार नियोजन के प्रति अभी पूरी जन-जागृति नहीं हो पायी है, जबरन नसबन्दी के भय के कारण बहुत से ग्रामवासी सही जानकारी देने से हिचकिचाते थे। अशिक्षा के कारण सैक्स सम्बन्धी बातों को बुरा माना जाता है। इस बात की आवश्यकता अनुभव की गई कि बच्चों के साथ मां के स्वास्थ्य की देख-रेख एवं उनके भरण-पोषण सम्बन्धी सुविधाओं का विस्तार किया जावे, जिससे परिवार नियोजन कार्यक्रम, नस काट कार्यक्रम ही बन कर न रह जावे।

28. 'A Family Planning survey of 50 Families of Mukundgarh Town :

Planning Forum, **Sharada Sadan College, Mukundgarh** (Rajasthan) undertook the task of surveying 50 families of child bearing age group (15 to 49 years). They adopted purposive sampling method to inquire about the knowledge, attitude and practice of Family Planning. Out of 50 families surveyed, 18 were illiterate, 7 literate and the rest of the 25 were educated. Average number of children per family in these three categories were 4.72, 4.4 and 4.1 respectively. It was lower in families where the parents were enlightened and educated.

About 78% persons had knowledge about the Family Planning Programme and methods. Out of 39 families, 24 got such knowledge from publicity media, 2 from village leaders, 4 from family planning workers, 3 from Government servants and 6 from friends, relatives and family doctors. Only 50% illiterates were

found familiar with family planning devices and the rest of the 50% were quite unaware Thus there is a strong case to popularise and implement this programme more effectively among the illiterates. Out of 50 families that were contacted, it was found that 33 were using one or the other method for limiting the size of their families, 21 got themselves sterilised, 7 used 'Nirodh' and 5 other devices. There were 5 such families as did not observe family planning measures. The following seemed to be the reasons behind, that birth of a child is a God gift, family planning methods are harmful and absence of a male child. The number of families that were boycotting this programme was highest amongst the illiterate group. Surveyors found a high degree of positive co-relation between literacy and adoption of Family Planning Programme.

29. नसीराबाद छावनी क्षेत्र के 100 शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का परिवार नियोजन से सम्बन्धित सर्वेक्षण :

योजना गोष्ठी, **राजकीय महाविद्यालय, नसीराबाद** (अजमेर) ने नसीराबाद छावनी क्षेत्र के 120 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का परिवार नियोजन की दृष्टि से छटी लोकसभा चुनाव के समय सर्वेक्षण किया, जिससे कि निर्भीक एवं दो टूक स्पष्ट उत्तर प्राप्त हो सके। सर्वेक्षित परिवारों में से 50 प्रतिशत परिवारों की आय 600 रु. मासिक से कम एवं शेष की 600 रु. मासिक से अधिक थी। 5 परिवारों की आय 1,000 रु. मासिक से अधिक थी। जबकि किसी भी परिवार की आय 200 रु. से कम नहीं थी। सर्वेक्षण में 80 पुरुष एवं 40 महिलाओं को सम्मिलित किया गया।

सर्वेक्षित 80 पुरुषों में से लगभग आधे 25 व 35 वर्ष के बीच की आयु के, 14, 35 से 40 वर्ष की आयु के तथा शेष 40 वर्ष से ऊपर की आयु के थे। इसी प्रकार 40 स्त्रियों में 30 की आयु 25 व 35 वर्ष के बीच थी। 56 पुरुषों का विवाह 24 वर्ष की आयु से पूर्व तथा 40 में से 34 का विवाह इस आयु से पूर्व हो गया था। 10 पुरुष एवं 18 स्त्रियों का विवाह 20 वर्ष की आयु से पूर्व ही हो गया था। 69 शिक्षक स्नातक स्तर तक शिक्षित थे तथा 36 स्नातकोत्तर एवं 15 शिक्षक स्नातकोत्तर से भी उच्च शिक्षा प्राप्त थे।

सर्वेक्षण में सम्मिलित लोगों में से 64 प्रतिशत का परिवार सीमित था, 43 परिवारों में चार अथवा चार से अधिक बच्चे थे। जिन परिवारों में पुत्र की प्राप्ति शीघ्र हो गई, उन्होंने परिवार नियोजन को शीघ्र अपना लिया तथा सभी ने परिवार में पुत्र होना आवश्यक माना। आधे परिवारों ने 2 पुत्र व एक पुत्री के परिवार को आदर्श माना। एक पुत्री वाले परिवार को किसी ने पसन्द नहीं किया, 27 परिवारों ने एक पुत्र व एक पुत्री के संयोग को पसन्द किया।

सीमित परिवार को पसन्द करने के कारणों में बच्चों का आर्थिक दृष्टि से भार होना (75%), बच्चों का कष्टदायक होना (9%), छोटा परिवार होना (5%) व अन्य कारण (11%) प्रमुख थे।

सर्वेक्षित सभी परिवारों को परिवार नियोजन की जानकारी तो थी, लेकिन केवल 98 दम्पत्ति ही इनका प्रयोग कर रहे थे, इनमें से 70 ने बन्ध्याकरण, 25 ने निरोध व 3 ने अन्य साधन को अपनाने की बात कही। जानकारी का प्रमुख स्रोत परिवार नियोजन कार्यकर्ता एवं प्रचार माध्यम थे, कुछ को (40) मित्रों, डाक्टरों तथा सरकारी कर्मचारियों से इस बारे में जानकारी प्राप्त हुई। अधिकांश दम्पत्ति गत तीन वर्षों से भी अधिक समय से परिवार नियोजन विधियों का प्रयोग कर रहे है। जिन्होंने वन्ध्याकरण कराया है, उनमें से अनेक ने गत वर्ष ही अप्रत्यक्ष दबावों के कारण ऐसा करवाया है।

जिन 22 परिवारों ने इन तरीकों को नहीं अपनाने की बात कही है, उनमें से बीस ने इच्छित सन्तानोत्पत्ति होते ही परिवार नियोजन अपनाने का आश्वासन दिया हैं। दो व्यक्तियों ने सन्तान को ईश्वर की देन माना है, अतः वे परिवार नियोजन के पक्ष में नहीं हैं। परिवार नियोजन की सहमति देने वाले 20 व्यक्तियों में से 16 बन्ध्याकरण के पक्ष में थे तथा शेष निरोध अथवा गोली के प्रयोग के पक्ष में।

सर्वेक्षण से ज्ञात होता है कि आय और सन्तानों की संख्या में कोई सह-सम्बन्ध नहीं है, जबकि शिक्षा और छोटे परिवार में घनिष्ठ उच्च सम्बन्ध है, शिक्षित लोग परिवार नियोजन के प्रति जागरूक हैं और अधिकांश लोग बच्चों को आर्थिक भार मानने के कारण परिवार नियोजन को अपनाना चाहते हैं। इसी कारण इसमें जोरजबरदस्ती एवं कानूनी दबाव की आवश्यकता नहीं है।

30. नाथद्वारा नगर के 100 शिक्षकों का परिवार नियोजन सम्बन्धी ज्ञान, प्रकृति एवं व्यवहार का अध्ययन :

योजना गोष्ठी, **सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय महाविद्यालय, नाथद्वारा** के सदस्यों ने नाथद्वारा नगर के एक सौ शिक्षकों का परिवार नियोजन सम्बन्धी ज्ञान, प्रवृत्ति एवं व्यवहार का अध्ययन करने की दृष्टि से एक सर्वेक्षण किया। आपात्काल में व्याप्त आतंक एवं भय के वातावरण के कारण विभिन्न समुदायों के अध्ययन के स्थान पर शिक्षकों का सर्वेक्षण किया गया। इस प्रकार प्रस्तुत सर्वेक्षण प्रतिवेदन केवल एक वर्ग से सम्बन्धित है।

सूचनादाताओं में से सभी को नसबन्दी, निरोध, लूप, कोइटस एवं योन सहवास में देरी एवं संयम की विधियों द्वारा परिवार नियोजन की सम्भावनाओं का पूर्ण ज्ञान था। गोली, जैली एवं डायफ्राम का ज्ञान बहुत कम लोगों को था। 97 प्रतिशत सूचनादाता सीमित परिवार के पक्ष में थे, शेष 3 प्रतिशत सूचनादाताओं ने इसे ईश्वरीय इच्छा पर निर्भर बताया। अधिकांश सूचनादाताओं का मत था कि अधिक सन्तानों से आर्थिक भार तो बढ़ता ही है, साथ ही पत्नी का स्वास्थ्य और यौवन भी बिगड़ जाता है।

सर्वेक्षित शिक्षकों में से 3 परिवार नियोजन के साधन नहीं अपनाते, शेष में से 31 नसबन्दी, 38 निरोध, 8 लूप, 12 संयम तथा 8 अन्य साधनों का प्रयोग करते हैं। सबसे लोकप्रिय,

सस्ता, सुगम एवं सरल साधन निरोध पाया गया। 31 नसबन्दियों में से 20 नसन्दी गत कुछ माह में ही कराई गई। इनमें से अधिकांश सूचनादाताओं का कहना था कि सरकारी अप्रत्यक्ष दबाव के कारण ही उन्होंने नसबन्दी कराई। स्त्रियां ट्यूबक्टामी के पक्ष में कम पाई गई, क्योंकि वे मानती थीं कि इससे स्वास्थ्य में गिरावट आती है, केवल 11 प्रतिशत सूचनादाताओं ने स्वेच्छा से नसबन्दी जून, 1975 से पूर्व कराई थी।

दो से अधिक सन्तानों वाले 12 शिक्षक परिवार नियोजन विधियों की जानकारी रखते हुए भी इनका प्रयोग नहीं करते थे, क्योंकि उनकी मान्यता थी कि संतानोत्पत्ति संयोग एवं ईश्वरीय इच्छा है अथवा इन विधियों के प्रयोग से संभोग में अप्राकृतिकता आ जाती है। कुछ सूचनादाता बच्चों को किसी प्रकार का भार नहीं मानते। अधिकांश शिक्षकों ने परिवार में बच्चों की आदर्श संख्या तीन बताई, जिसमें दो पुत्र व एक पुत्री का संयोग सर्वश्रेष्ठ बताया। कुछ परिवारों के सन्तानों की संख्या इसी कारण अधिक हो गई कि उन्होंने दूसरे पुत्र के उत्पन्न होने तक परिवार नियोजन को नहीं अपनाया।

परिवार नियोजन कार्यक्रम के बारे में दबाव को त्यागकर शिक्षा, संचार साधन को बढ़ावा देने का सुझाव योजना गोष्ठी के सदस्यों ने प्रस्तुत किया। क्योंकि परिवार नियोजन एवं नसबन्दी एक दूसरे के समानान्तर समझे जाने लगे हैं, अतः इस अभियान को परिवार कल्याण कार्यक्रम के नाम से चलाया जाना उचित होगा।

31. धमोतर ग्राम के 111 परिवारों का परिवार नियोजन से सम्बन्धित ज्ञान, दृष्टिकोण एवं क्रियान्वयन का सर्वेक्षण :

योजना गोष्ठी, **राजकीय महाविद्यालय, प्रतापगढ़** (चित्तौड़गढ़) ने प्रतापगढ़ से लगभग 18 किलोमीटर दूर स्थित धमोतर ग्राम के 111 परिवारों का परिवार नियोजन के ज्ञान, दृष्टिकोण एवं क्रियान्वयन के बारे में एक सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षित व्यक्तियों में से विवाह के समय 78 की आयु 20 वर्ष से कम, 6 की आयु 10 वर्ष से कम, 111 की आयु 31 वर्ष से कम थी। 33 की आयु 21 व 30 वर्ष के बीच थी। 111 सर्वेक्षित व्यक्तियों में से 45 कृषक, 30 नौकरी पेशावर, 21 व्यवसायी, 12 बेकार एवं 3 अन्य धन्धों में संलग्न थे। 9 परिवारों की आय 100 रु. मासिक से कम, 15 परिवारों की 100 रु. से 200 रु. के बीच, 19 परिवारों की 200 रु. से 300 रु., 16 परिवारों की 300 रु. से 500 रु. तथा 16 परिवारों की 500 रु. से अधिक आय थी, जबकि 36 परिवारों ने अपनी आय सम्बन्धी आँकड़े नहीं दिये। 111 सर्वेक्षित व्यक्तियों में से 13 अशिक्षित, 43 प्राथमिक स्तर तक, 36 सैकण्डरी तक, 18 स्नातक स्तर तक, एवं एक स्नातकोत्तर स्तर तक शिक्षित था। इस प्रकार अधिकांश व्यक्ति शिक्षित पाये गये।

परिवार की नियोजित रखने के पक्ष में 100 तथा विपक्ष में 11 व्यक्ति पाये गयें। 60 परिवार बच्चों को आर्थिक भार मानने के कारण, 6 परिवार दो सन्तानों के बीच अन्तर रखने के

कारण, 12 स्वास्थ्य एवं पीड़ा सम्बन्धी कारणों से प्रेरित होकर एवं शेष अन्य कारणों से परिवार नियोजन का सहारा लेते हैं।

111 सर्वेक्षित परिवारों में से 35 परिवार, परिवार नियोजन विधियों का प्रयोग नहीं करते हैं तथा 68 निरोध और 8 नसबन्दी विधि के द्वारा परिवार को नियोजित रख रहे हैं। परिवार नियोजन विधियों को अपनाने वाले 76 परिवारों में से अधिकांश परिवार गत एक वर्ष से ही इन विधियों का प्रयोग कर रहे हैं, केवल 7 परिवार गत 5 वर्ष से भी अधिक समय से परिवार नियोजन अपनाये हुए हैं। अधिकांश परिवार भविष्य में भी परिवार नियोजन को अपनाने के पक्ष में थे। उन 11 परिवारों में से जो परिबार नियोजन के माध्यम अपनाने के पक्ष में नहीं हैं, 9 इन तरीकों से घृणा करते हैं और 2 परिवार इन विधियों के प्रयोग से पीड़ित अनुभव करते हैं। परिवार नियोजन विधियों की जानकारी का मुख्य स्रोत मित्र व सम्बन्धी, प्राचार माध्यम, सरकारी कर्मचारी एवं परिवार नियोजन कर्मचारी, डाक्टर व ग्रामीण नेता हैं।

51 परिवारों ने 3 बच्चों को, 44 परिवारों ने 4 से 6 बच्चों की और 9 परिवारों ने 7 से 9 बच्चों को परिवार में बच्चों की आदर्श संख्या बताई। 3 परिवारों ने 10 से 15 बच्चों को आदर्श संख्या माना हैं और 4 परिवार इस बारे में अभी निश्चित निर्णय नहीं कर पाये हैं।

सर्वेक्षित परिवारों में से अधिकाँश परिवार शिक्षित हैं, अतः परिवार नियोजन के प्रति न केवल जागरुक हैं, वरन् इसका प्रयोग भी करते हैं।

32. सवाईमाधोपुर जिले का सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से सर्वेक्षण :

योजना मंच, **राजकीय महाविद्यालय, सवाईमाधोपुर** ने सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सवाईमाधोपुर जिले का सर्वेक्षण किया। ऐतिहासिक गौरवशाली शौर्यगाथाओं वाले रणथम्भोर दुर्ग के कारण विख्यात सवाईमाधोपुर जिला 10593 कि. मी. क्षेत्र में फैला है, इसकी जनसंख्या 1971 में 11,93,528 थी। 1647 गांव, 6 कस्बे, 10 पंचायत समिति, 387 पंचायत, 11 तहसील, 6 नगरपालिकाएं एवं 4 उपखण्ड वाले इस जिले में लगभग 20 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जाति एवं 30 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जन-जाति की है। कुल जनसंख्या का 84.74 प्रतिशत ग्रामीण एवं 32.27 प्रतिशत कार्यशील हैं।

सवाईमाधोपुर जिले में 5,88,756 हैक्टर भूमि पर खेती की जाती है, इसमें 1,09,020 हैक्टर भूमि सिंचित है। प्रमुख फसलों में गैंहूँ, जौ, चना, ज्वार, बाजरा व मूंगफली आते हैं। कृषि उन्नति के लिये गत वर्षो में काफी सराहनीय कार्य किया गया है। ग्रामीण विद्युतिकरण योजना भी चालू की गई हैं।

लगभग पन्द्रह लाख पालतू पशुओं से सम्पन्न इस जिले में छोटे आकार के ऊबड़-खाबड़ खेत होने से खेती के लिये पशुओं का महत्व बराबर बना हुआ है।

जिले में 2 सीमेन्ट की वृहद् फैक्ट्रियां, 4 औद्योगिक बस्तियाँ, 293 लघुउद्योगों की पंजीकृत इकाईयां, 60 तेल मिलें, 70 हाथकरघा उद्योग की इकाईयाँ तथा कतिपय गलीचा उद्योग एवं रसायनिक औद्योगिक इकाईयां कार्यरत हैं।

609 ग्राम सेवा सहकारी समितियों सहित केन्द्रीय बैंक तथा भूमि विकास बैंक कृषि व सम्बन्धित उद्योगों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति में लगे हुए हैं। अन्य व्यापारिक बैंक भी जिले के व्यापारिक एवं औद्योगिक विकास में अपना सहयोग दे रहे हैं।

865 किलो मीटर सड़क, 178 किलो मीटर रेल तथा 1261 वाहनों वाले इस जिले में यातायात के साधन अपर्याप्त हैं।

1656 नगर व ग्रामीण बस्तियों में से 174 बस्तियां विद्युतिकृत हैं। खनिज सम्पदा में धनी इस जिले में विद्युत विस्तार की बहुत अधिक आवश्यकता है।

शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर विकास के बावजूद जिले में साक्षरता राजस्थान के औसत से कम हैं। 24 नगर व कस्बों में जलदाय योजनाओं के माध्यम से पेय जल वितरण का कार्य किया जा रहा है। सवाईमाधोपुर जिले की जनसंख्या की आवश्यकताओं के अनुरूप यहां स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं नहीं हैं। शिक्षा, पीने के पानी और चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है। यद्यपि नियोजन कार्यालय में 7048 व्यक्ति ही बेरोजगार हैं, परन्तु लगभग 30 प्रतिशत व्यक्ति अर्द्धबेकारी के शिकार हैं। इसके लिये लघु एवं कुटीर उद्योगों का विकास तो हो ही साथ ही औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र भी खोले जाने चाहिये।

जिले की अधिकांश जनसंख्या अभी भी छुआछूत, संयुक्त परिवार प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, जन्म-मरण के समय किये जाने वाले रीति रिवाजों व अन्य धार्मिक अन्ध-विश्वासों से ग्रसित है। हिण्डोन एवं करौली में विशाल स्तर पर आयोजित धार्मिक मेलों के अतिरिक्त अन्य कई स्थानों पर धार्मिक एवं व्यापारिक पशु मेलों का आयोजन किया जाता है।

सवाईमाधोपुर जिले के तीव्र आर्थिक विकास के लिये भूमि सुधार, कृषि का आधुनिकीकरण सिंचाई के साधनों का विकास आवश्यक है। तीव्र विद्युतिकरण एवं लघुउद्योगों का तीव्र विकास हुए बिना यह जिला पिछड़ा रह जावेगा। इसके साथ ही यातायात शिक्षा तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाओं का विस्तार भी आवश्यक है तभी कृषि, उद्योग, वनसम्पदा, पर्यटन एवं लोक संस्कृति की दृष्टि से बेजोड़ यह जिला उन्नति कर सकता हैं।

33. Knowledge, Attitude and Practice of Family Planning in Kharchi Tehsil (Pali)

The Planning Forum, **Shri Jain Terapanthi College, Ranawas** (Pali-Marwar) conducted a survey of Kharchi Tehsil, in order to have knowledge about attitude, opinions and practice of Family Planning. Out of 150 villages of Kharchi Tehsil, the

surveyors selected 42 villages, and could study 120 families on the basis of random sampling method. The observations of the study thus made have been analysed under two broad heads (i) social characteristics of the respondents and (ii) knowledge, attitude and practice of family planning among the respondents belonging to the three different generations.

Social characteristics :

(i) It has been found that nearly cent per cent of the total respondents belong to Hindu religion and the majority of respondents belong to higher castes.

(ii) All the three generations lived together under the same roof, had common property and were bound together by close blood relationship.

(iii) Regarding distribution of the respondents, the groups were as follows : 55% were above 60 years, 25% were in the age group of 40–50 years and 20% of these in the age group of 10 to 20 years.

(iv) Among the first two generations all the respondents were married.

(v) 96% of the total respondents from the first generation were married before the age of 20 years, whereas 75% of the total respondents belonging to second generation were married before the age of 20. Out of total, 33 married before the age of 22 years and 13 after the age of 22 years.

(vi) So far as education of the respondents was concerned, wide gap was found among the three generations.

Almost all persons were illiterate in the first generation, whereas 50% from the second and 30% from the third generation were illiterates.

(vii) More than 80% of the respondents from the first generation had more than seven children, where as 65% from the second generation had less than seven. Only 15 respondents of the third had 2 children each.

(viii) About 90 out of total respondents were without any occupation and out of 120 who were employed, 57 were from the first generation and 45 from the second generation and 18 from the third generation.

(ix) Income is based on the basis of family income and it includes the income of three generations and other family members. Out of 210 persons interviewed, 150 had income less than Rs. 350/- per month, 32 had less than 700/- per month, and 28 had income of Rs. 1000/- and above per month.

Conclusions :

Several difficulties were experienced because of the coersion and force employed in the execution of this programme. People were scared and they refused to

give information at any cost. The surveyors had to take great pains into convincing the respondents about their mission. They, however, succeeded in getting information from 210 respondents. Analysis of the finding reveals that :

(i) The majority of the respondents belonging to all the three generations knew about family planning and some of them knew about its symbol and slogan too.

(ii) About the knowledge of different methods it was observed that the second generation had more knowledge than the other two generations.

(iii) Only 40% of the total group expressed acceptance of the programme, the rest of them expressed resentment.

(iv) The mass media posters appeared to be the most important common source of information, about the programme.

(v) The social workers also proved helpful but they were not known to the majority of the respondents.

(vi) The most common method known to them was Condom (Nirodh) and they regarded it as most effective, if used properly.

(vii) A majority of respondents favoured ideal period of spacing. Not much difference of opinion was found between the three generations.

(viii) About the marriageable age of girls, the first generation differed with the other two generations. The youngsters stressed that the marriageable age for girls should be raised from 19 to 22, while the respondents of the first generation were in favour of marriages much before that.

(ix) About the size of family all respondents were in favour of a smaller family. Their concept of an ideal family, was parents with few children, out of which two or three should be male children.

(x) Many respondents regarded education as the ideal source of information about family planning.

(xi) Though only 40% of the respondents expressed their positive feeling for the acceptance of the idea of family planning, yet all of them admitted, that it leads to happy life, better and higher standard of living, better upbringing of the children and maternal care.

34. शाहपुरा कस्बे के दम्पत्तियों में परिवार नियोजन सम्बन्धी जानकारी, प्रवृत्ति एवं प्रयोग की सही स्थिति का अध्ययन :

शाहपुरा कस्बे के दम्पत्तियों में परिवार नियोजन सम्बन्धी जानकारी, प्रवृत्ति एवं प्रयोग की

सही स्थिति का अध्ययन करने के उद्देश्य से योजना गोष्ठी, **राजकीय महाविद्यालय, शाहपुरा** ने एक सर्वेक्षण किया।

शाहपुरा कस्बे के 16 वार्डों में बसी आबादी में से सन्तानोत्पति कर सकने योग्य दम्पत्तियों में से दैव निदर्शन द्वारा 300 दम्पत्तियों से सम्पर्क किया गया, लेकिन विश्लेषणार्थ 200 सूचनावलियां ही उपलब्ध हो सकी। सर्वेक्षित युगलों में 47 पुरुष एवं 147 स्त्रियां अशिक्षित पाई गई। अधिकांश स्त्रियों ने अशिक्षित अथवा कम शिक्षित होने से अपने पति की राय से पूर्ण सहमति व्यक्त की और अपनी स्वयं की भिन्न राय व्यक्त करने से मना कर दिया।

93 परिवारों के दो तक, 58 परिवारों के 3 से 4, 29 परिवारों के 5 से 6 तथा 20 परिवारों के 7 अथवा अधिक सन्तानें थी, इस प्रकार लगभग 25 प्रतिशत युगल ऐसे थे, जिनके कुल संतानों की संख्या 5 अथवा अधिक थी। 72.5 प्रतिशत युगल ऐसे थे, जिनका मासिक व्यय रु० 100/- से रु० 400/– तक और सन्तान संख्या 5 से 6 तक पाई गई। 55 युगलों के (जिनका मासिक व्यय 400/– रु० से अधिक था) सन्तान संख्या 4 तक पाई गई। अधिकांश युगल मानते हैं कि अधिक सन्तान आर्थिक भार का कारण हैं।

200 में से 193 युगल परिवार नियोजन सम्बन्धी विभिन्न साधनों से परिचित थे एवं इन सभी को नसबन्दी एवं निरोध का पूर्ण ज्ञान था। लूप (48%) व अन्य साधनों (23%) से कम लोग परिचित पाये गये। बिना विशेष प्रयत्न के ही विज्ञापन साधन, डॉक्टर एवं परिवार नियोजन कार्यकर्ताओं से इन दम्पत्तियों को इन साधनों के बारे में ज्ञान प्राप्त हो गया।

